Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -22,मंगलवार,22 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

कर्मठ इहलोक-परलोक का ध्यान कर कर्म नहीं करता,वह तो बस क्रियारत रहता है।
- भरत मुनि-

**केंद्र ने दिया बड़ा झटका**

## अब नहीं मिलेगा फ्री राशन

### » रद्द होंगे 10 लाख कार्ड

**नई दिल्ली,21 नवंबर 2022(ए)।** सरकार की फ्री राशन योजना का लाभ उठा रहे राशन कार्डधारकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। इस खबर से कार्डधारकों को बड़ा झटका लग सकता है। सरकार जल्द ही बड़ी संख्या में राशन कार्ड को रद्द करने की तैयारी में लगी हुई है। केंद्र सरकार की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार, देशभर में लाखों लोगों के राशन कार्ड को कैंसिल किया जाएगा। इसका मतलब अब देश के लाखों लोगों को फ्री राशन की सुविधा नहीं मिलेगी।




सरकार ने जानकारी दी है कि देश में करीब 10 लाख लोग फर्जी तरीके से फ्री राशन योजना का लाभ ले रहे हैं। विभाग की और से इन लोगों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है। अब इन सभी लोगों के राशन कार्ड कैंसिल कर दिए जाएंगे। आपको बता दें कि इसके तहत करीब 10 लाख लोगों के राशन कार्ड को चिन्हित किया गया है।

### ऐसे लोगों का कार्ड होगा रद्द

एनएफएसए के अनुसार, ऐसे लोग जो कार्ड धारक हैं और इनकम टैक्स भरते हैं या फिर जिनके पास में 10 बीघा से ज्यादा जमीन है उन लोगों के नाम लिस्ट से काट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, ऐसे लोगों को फ्री राशन भी हीं मिलेगा। कई कार्डधारक ऐसे भी हैं जो फ्री राशन लेकर व्यापार करते हैं, इनका भी कार्ड कैंसिल कर दिया जाएगा।

### डीलर को मिलेगी अपात्र लोगों की लिस्ट

आपको बता दें कि सरकार के नियम के अनुसार, जो भी अपात्र लोग हैं उनकी पूरी लिस्ट डीलर के पास भेज दी जाएगी, ताकि गलती से भी डीलर इन लोगों को राशन नहीं दें। इतना ही नहीं, डीलर ऐसे लोगों का नाम चिंहित कर इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालयों को भेजेंगे। इसके बाद इन लोगों के कार्ड ही रद्द कर दिए जाएंगे।


### योजना का लाभ उठा रहे 80 करोड़ लोग

गौरतलब है कि सरकार की इस योजना का लाभ देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मिल रहा है। ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो फर्जी तरीके से इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन सरकार अब इन लोगों को लेकर सख्ती दिखा रही है। इनके कार्ड तो कैंसिल किए ही जाएंगे, साथ ही इनसे वसूली भी की जाएगी।

## पॉलीग्राफ टेस्ट में आफताब उगलेगा राज

### बाद में होगा नार्को टेस्ट

**नई दिल्ली,21 नवंबर 2022(ए)।** मुंबई की श्रद्धा वालकर हत्याकांड में आरोपित आफताब ने दिल्ली पुलिस के सामने अब तक अपना मुंह बंद रखा है। पुलिस के हाथ अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं लगा है, जिसके आधार पर आफताब को कोर्ट में गुनहगार साबित किया जा सके। ऐसे में दिल्ली पुलिस की आस सोमवार को होने वाली नार्को टेस्ट पर टिकी थी। हालांकि, सोमवार को नार्को टेस्ट नहीं हो पाया है। इसी बीच खबर सामने आ रही है कि नार्को टेस्ट से पहले आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा।



सोमवार को आफताब अमीन पूनावाला का पालीग्राफ परीक्षण कराने के लिए दिल्ली पुलिस ने निचली आदालत में याचिका दायर की है। साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने मामले को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ के पास भेजा, जिन्होंने पहले श्रद्धा हत्याकांड मामले की सुनवाई की थी और दिल्ली पुलिस को आफताब का नार्को टेस्ट कराने की अनुमति दी थी। मंगलवार को दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई हो सकती है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो नार्को टेस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में इस आधार पर आवेदन दिया था कि आफताब बयान बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा है। अब इसी आधार पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने को लेकर भी इजाजत मांगी गई है। नार्को टेस्ट और पॉलीग्राफ टेस्ट का मकसद किसी व्यक्ति से सच उगलवाना होता है। हालांकि, दोनों जांच की प्रक्रिया एक-दूसरे से पूरी तरह से अलग है।

### पॉलीग्राफ टेस्ट से कैसे होती है झूठ की पहचान?

पॉलीग्राफ टेस्ट को आसान भाषा में लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कहा जाता है। यह एक तरीके की खास तकनीक है, जिसमें मशीनों के जरिए सच और झूठ का पता लगाया जाता है। इसमें आरोपित या संबंधित शख्स से सवाल पूछे जाते हैं। फिर सवाल का जवाब देते समय मानव शरीर के आंतरिक व्यवहार जैसे पल्स रेट, हार्ट बीट, ब्लड प्रेशर आदि का मशीन की स्क्रीन पर लगे ग्राफ के जरिए आकलन होता है।

**संक्षिप्त खबरें**



### आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला


**नयी दिल्ली,21 नवंबर 2022(ए)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अरुण गोयल ने सोमवार को चुनाव आयुक्त का पदभार संभाल लिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने यह जानकारी दी। गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 18 नवंबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। हालांकि, उन्हें 60 वर्ष का होने के बाद 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त होना था। गोयल को शनिवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। वह मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय के साथ निर्वाचन आयोग का हिस्सा होंगे।

### बंगाल के स्कूल परिसर में मिला जिंदा बम,पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, ,21 नवंबर 2022(ए)।** देश के पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बता दे की हुगली जिले के चिनसुराह में एक प्राथमिक स्कूल परिसर में सोमवार को तीन जिंदा देसी बम जब्त किए गए है । पुलिस अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने नालडांगा नारायणपुर प्राथमिक विद्यालय के परिसर में स्कूल के समय से पहले बम देखा और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हमने स्कूल परिसर से तीन बम जब्त किए हैं और इस बात की जांच शुरू कर दी है कि बम स्कूल में कैसे पहुंचे और इसके पीछे कौन हैं। हम स्थानीय लोगों से बात कर रहे हैं।



### चार बच्चों सहित पति-पत्नी का शव देखकर दहल गया दिल



**उदयपुर ,21 नवंबर 2022(ए)।** राजस्थान के उदयपुर के गोगुंदा में सोमवार को एक ही परिवार के छह लोग मृत पाए गए हैं। घर के एक कमरे से चार मासूमों सहित दंपती का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।मामला थाना क्षेत्र के झाड़ोली के गोल नेड़ी गांव का है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गोगुंदा पुलिस ने बताया कि सोमवार सवेरे सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम पहुंची। घर का दरवाजा खोलकर देखा तो पुलिस भी हैरान रह गई। कमरे के अंदर चारों तरफ लाशें थीं।

## मोरबी पुल मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### एससी में जारी रहेगी सुनवाई

**नई दिल्ली,21 नवंबर 2022(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के मोरबी में हुए पुल हादसे मामले में सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को ज्यादा मुआवजा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील गोपाल शंकर नारायण और एसजी तुषार मेहता की दलीलें सुनीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले में किसी भी स्टेज पर सुप्रीम कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं। मोरबी पुल हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लगातार निगरानी के जरिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी घटनाएं ना हों। हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई को जारी रखे। सुप्रीम में अब मोरबी पुल हादसे



में कहा गया है की स्वतंत्र जांच किया जाये। जांच और कार्यवाही में तेजी व उचित मुआवजे के पहलुओं पर गौर करे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से आग्रह किया कि वो नियमित अंतराल पर सुनवाई करता रहे ताकि इन जैसे तमाम पहलुओं को सुनवाई में समेटा जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि अगर उन्हें फिर भी आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट के दखल की जरूरत लगती है तो फिर से वे सर्वोच्च न्यायालय आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट उन मुद्दों पर ध्यान दे, जो याचिकाकर्ताओं की ओर से उठाए गए हैं और उन पर निर्देश जारी करे।

वकील ने कहा कि राज्य में चुनाव हैं और ऐसे में यह जरूरी है कि असली दोषियों को पकड़ा जाए। अजंता कंपनी और नगरपालिका सीधे तौर जिम्मेदार है। क्योंकि कोई रेनोवेशन नहीं कराया गया और कंपनी के साथ कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया जाता रहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। किसी भी मसले पर बेवजह कोई संदेह नहीं किया जाना चाहिए। वकील ने कहा कि नगरपालिका ने लोगों की हत्या की है। सर्वोच्च अदालत को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

### मुआवजा नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

शंकरनारायण ने आगे कहा, ÷दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख और मुख्यमंत्री की तरफ से 4 लाख रुपये का मुआवजा मिला है। खेल में उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को इससे बहुत ज़्यादा बड़ी रकम दी जाती है। क्या सरकार की लापरवाही से जान गंवाने वाले लोगों की ज़िंदगी का यही महत्व है?÷ वरिष्ठ वकील ने यह भी कहा कि गुजरात में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। इसलिए भी ज़रूरी है कि निष्पक्ष जांच का आदेश दिया जाए।

**कांग्रेस नेता का विवादित बयान**

## श्रद्धा हत्याकांड को बताया हादसा

**जयपुर ,21 नवंबर 2022(ए)।** एक तरफ पूरा देश श्रद्धा वाकर के जघन्य हत्याकांड को लेकर गुस्से में है वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस हत्याकांड को हादसे का नाम दे दिया है। गहलोत ने कहा कि यह एक दुर्घटना है, इसे नाम दे दिया गया है, जुमले कस दिए गए हैं। उन्होंने बातचीत में कहा कि सदियों से अंतर धर्म में शादियां होती आई हैं, यह नई बात तो नहीं है। लेकिन आपने एक कौम को एक धर्म को टारगेट बना दिया है, उसके आधार पर राजनीति हो रही है।



सीएम गहलोत का कहना है कि धर्म के नाम पर शंका पैदा करना, मॉब क्रिएट करना बड़ा ही आसान हो गया है, इसलिए एक कौम को टारगेट बना दिया जाता है। गुजरात में आगामी चुनाव के मद्देनजर बीजेपी और सभी बड़ी विपक्षी पार्टियों की नजर इस राज्य पर है. इसको लेकर भी सीएम गहलोत ने बीजेपी को घेरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश चुनाव के बाद से ही पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह का गुजरात आना बढ़ गया है। उन्हें लगता है कि बीजेपी का सफाया हो रहा है, इसलिए उनके आने का सिलसिला बढ़ गया। सीएम गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी का कद बहुत बड़ा है. उन्हें आने की क्या ज़रूरत है. यह यह दर्शाता है कि उनकी हालत बहुत कमज़ोर है। सीएम गहलोत ने कहा कि धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर लोगों को इकट्ठा करना हो, संगठित करना और मॉब क्रिएट करना आसान काम है। आग लगाना बड़ाआसान है , आग को बुझाने में वक्त लगता है। आप कोई बिल्डिंग या भवन बनाओ, उसे बनाने में वक्त लगता है।

## महिला की मौत से गुस्साएं ग्रामीणों ने खोया आपा

**भाजपा विधायक के फाड़े कपड़े,10 गिरफ्तार**

**चिक्कमगलूर ,21 नवंबर 2022(ए)।** कर्नाटक के चिक्कमगलूर जिले में हाथी के हमले में एक महिला की मौत होने के मामले में गुस्साएं लोगों ने मुदिगेरे विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक एम.पी. कुमारस्वामी के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने दस ग्रामीणों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारियां मुदुगेरे तालुक के हल्लेमाने कुंदुरु गांव से की गईं, जहां रविवार को यह घटना हुई थी। सूत्रों के अनुसार, हाथी के हमले में मृत महिला का शव लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे। देर शाम भाजपा विधायक कुमारस्वामी ने घटनास्थल का दौरा किया। ग्रामीणों ने भाजपा विधायक पर हाथियों के खतरे के संबंध में कार्रवाई नहीं करने और देरी से पहुंचने पर रोष जताया, हालांकि वे सुबह से ही विरोध कर रहे थे। उन्होंने विधायक को आपत्तिजनक शब्द कहे, उनके कपड़े फाड़े और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। बाद में उनका पीछा कर पथराव भी किया। इस दौरान विधायक को पुलिस ने बचाया और उनके वाहन तक पहुंचाया। ग्रामीणों ने वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।



विधायक कुमारस्वामी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। हाथी के हमले में मृतक महिला शोभा का अंतिम संस्कार किया जाना अभी बाकी है। पुलिस की कार्रवाई से गांव में और भी अस्थिर स्थिति पैदा हो सकती है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## छावला रेप केस में दोषियों को रिहा करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देगी दिल्ली सरकार

### » उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली , 21 नवंबर 2022(ए)।** दिल्ली सरकार छावला गैंगरेप-हत्या में 3 दोषियों की रिहाई और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्नविचार याचिका दायर करेंगी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 2012 के बलात्कार और हत्या के एक मामले में तीन दोषियों को बरी करने के खिलाफ आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा एक पूर्नविचार याचिका दायर करने की आज मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश आने के बाद प्रीता के मां बाप के साथ भाजपा के राज्यसभा सदस्य और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्ण विचार याचिका दिल्ली सरकार के द्वारा डालने के संबंध में मुलाकात की। मामले का प्रतिनिधित्व करने के लिए एसजी तुषार मेहता और अतिरिक्त एसजी ऐश्वर्या भाटी की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। छावला गैंगरेप-हत्या में सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर के शुरुआती सप्ताह में आरोपियों को रिहा करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर पाया। पीड़िता का क्षत-विक्षत शव घटना के तीन दिन के बाद बरामद किया गया था। शरीर पर गहरे जख्म मिले थे। इस घटना पर निचली अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराया था.छावला में 11 साल पहले 18 साल की युवती को दरिंदों ने सरेआम अगवा कर लिया था. चलती कार में वो वहशी दरिंदे घंटों तक उसके जिस्म को नोचते रहे. मुंह पर कसती हथेलियां और जिस्म पर पड़े बोझ के बीच चीखें घुटती रहीं सांस थमती रही. उसकी आत्मा तक तड़प उठी लेकिन इन दरिंदों की आत्मा नहीं डोली।







### अगर मुस्लिम विवाह में एक पक्ष नाबालिग है, तो वह पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध होगा : हाईकोर्ट

**कोच्चि , 21 नवंबर 2022(ए)।** केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि मुस्लिम विवाह में एक पक्ष नाबालिग है, तो यह पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध होगा। एक मामले से जुड़े अपने फैसले में जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने कहा कि मुस्लिमों के बीच शादी में अगर कोई नाबालिग है तो उसे पॉक्सो एक्ट से बाहर नहीं किया जा सकता। सेवानिवृत्त न्यायाधीश केटी थॉमस के पुत्र जज ने इस साल अगस्त में तिरुवल्ला पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में पश्चिम बंगाल के 31 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने एक 14 वर्षीय लड़की का अपहरण किया था।यह मामला तब सामने आया जब तिरुवल्ला में स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक शिकायत दर्ज की कि 16 साल की एक लड़की (आधार कार्ड के रिकॉर्ड के अनुसार) गर्भवती होने का पता चलने पर एक इंजेक्शन के लिए आई थी। रहमान ने दावा किया कि उसकी शादी मार्च 2021 में उनके गृह राज्य में मुस्लिम कानून के तहत हुई थी, लेकिन पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि उसके माता-पिता के अनुसार ऐसी कोई शादी नहीं हुई थी।

## मंगलुरु में विस्फोट करने वाले संदिग्ध आतंकवादी की हुई पहचान,जांच एनआईए को सौंपने की तैयारी

**मंगलुरु ,21 नवंबर 2022(ए)।** मंगलुरु शहर में 19 नवंबर को हुए विस्फोट में शामिल संदिग्ध आतंकवादी की पहचान सोमवार को मोहम्मद शारिक के रूप में हुई है। मोहम्मद शारिक की पहचान की पुष्टि उसके परिवार के सदस्यों ने की है। मोहम्मद शारिक की पहचान की पुष्टि के लिए पुलिस ने उसकी बहन और चाची को मंगलुरु बुलाया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि परिजनों ने ही उसकी पहचान की है। मोहम्मद शारिक की उम्र 25 वर्ष है। शारिक का परिवार शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली में मूल रूप से रहता है। 19 नवंबर दिन शनिवार को जब एक ऑटो में कुकर बम फटा था तो उस समय शारिक के पास हिंदू नाम से जारी एक फर्जी आधार कार्ड था। सूत्रों ने बताया कि यह मामला अब जांच के लिए एनआईए को सौंपा जा सकता है।



पुलिस सूत्रों का कहना है कि शारिक और कोयंबटूर विस्फोट के आरोपी जमीशा मुबीन एक दूसरे को जानते थे। शारिक ने बेंगलुरू में मुबीन से मुलाकात की थी और दोनों ने ही विस्फोट करने का प्लान किया था। मोहम्मद शारिक ने सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील तटीय इलाके में विस्फोट करने की जिम्मेदारी ली तो वहीं मुबीन ने कोयम्बटूर में विस्फोट किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक पुलिस की टीमें मोहम्मद शारिक के मूल निवास तीर्थहल्ली के निकट सोप्पुगड्डे में उसके आवास पर छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, शारिक के रिश्तेदारों के आवासों पर भी पुलिस की छापेमारी जारी है। पुलिस को शक है कि आरोपी एक आत्मघाती हमलावर है। वह मैसूर से मंगलुरु तक बस के माध्यम से कुकर बम ले गया था। पुलिस ने एक अन्य संदिग्ध की भी तलाश शुरू कर दी है जो ऑटो में सवार होने के दौरान मोहम्मद शारिक के साथ था। गौरतलब है कि मोहम्मद शारिक को मंगलुरु शहर में धमकी भरे भित्तिचित्र लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लेकिन बाद में उसको जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इसके बाद शारिक आतंकवादी गतिविधियों में पूरी तरह से शामिल हो गया और बम भी बनाने लगा।

## अनियंत्रित ट्रक हादसे में 15 की मौत

### » प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

**वैशाली ,21 नवंबर 2022(ए)।** बिहार के वैशाली जिला में दर्दनाक हादसा हो गया है। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने कई लोगो को रौंद दिया है। इस भीषण सड़क हादसे में सात बच्चों समेत 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वही कई लोग बुरी तरह घायल हो गए है।




जानकारी के अनुसार हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग पर स्तिथ नयागांव टोला के पास यह हादसा हुआ है। वही पास के ब्रह्मस्थान में भुइयां बाबा की पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहा जमा हुए थे। और उसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक उस भीड़ को रौंदते हुए आगे जाकर पेड़ से बुरी तरह टकरा गया। ये बताया जा रहा है कि ट्रक चालक नशे में था।

इस घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र में इस तेज रफ्तार ट्रक द्वारा बच्चों सहित कई अन्य लोगों को कुचलने की घटना से मैं मर्माहत हूं। उन मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना भी है साथ ही उन्हें पांच-पांच लाख रुपये अनुग्रह अनुदान भी दिया जाएगा। और सभी घायलों के समुचित इलाज का निर्देश भी दिया। और उनके शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर काफी दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट करके यह बताया कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के वैशाली में हुआ हादसा काफी दुःखद है। शोक संतप्त सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायल जल्द ही स्वस्थ हों। और साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी प्रत्येक मृतक के परिजनों को दिए जाएंगे। और सभी घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

CMYK


# संपादकीय

## महंगाई का आंकड़ा

अर्थव्यवस्था की यह आम समझ है कि अगर बाजार में मांग गिरती चली जाए, तो कंपनियां उत्पादन घटाएंगी, उससे रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे और उन सबका नतीजा यह होगा कि मुद्रा का प्रसार घटेगा। खुदरा महंगाई बढ़ने की दर अक्टूबर में 6.8 प्रतिशत रही। थोक भाव मूल्य सूचकांक 18 महीनों के सबसे निचले स्तर यानी 8.4 प्रतिशत पर आ गया। इन आंकड़ों को समझने के दो नजरिए हो सकते हैं- पहला तो यही कि आखिरकार भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर बढ़ाने की नीति कामयाब हो रही है। इससे महंगाई बढ़ने की दर पर अब लगाम लगी है। नीति निर्माता इसे अपनी सफलता के रूप में जरूर पेश करेंगे। लेकिन आम उपभोक्ता के नजरिए से देखें, तो पहले काफी तेज रफ्तार से बढ़ चुकी महंगाई अब भी उस दर बढ़ रही है, जिसे खुद सरकार और रिजर्व बैंक की सहन सीमा से काफी ऊंची है। गुजरे महीनों में महंगाई की कैसी मार पड़ी है, यह तेल साबुन बनाने वाली हर बड़ी कंपनी (एफएमसीजी) के हाल में जारी हुए तमाम रिपोर्टों से जाहिर हुई है। अक्टूबर त्योहारों का महीना था। इसके बावजूद उस महीने एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री और मुनाफे में गिरावट आई। इसका सीधा मतलब है कि देश की बड़ी आबादी ने अपने बेहद जरूरी उपभोग में कटौती की है- और कम से कम पिछले महीने तक इस रुझान से राहत के कोई संकेत नहीं थे।

अर्थव्यवस्था की यह आम समझ है कि अगर बाजार में मांग गिरती चली जाए, तो कंपनियां उत्पादन घटाएंगी, उससे रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे और उन सबका नतीजा यह होगा कि मुद्रा का प्रसार घटेगा। यह गौर करने की बात है कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि संभलने के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनमें इस पहलू का कितना योगदान है?

## दोस्ताना



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

खुदाया करे खैर तुमसे हमारा
ये दोस्ताना सलामत रहे
किसी की नज़र न लगे
ऐ मेरे दिल तेरा दीवाना सलामत रहे
जाएं कहां हम तुम्हें छोड़कर
सब कुछ तो घूमें तेरे इर्द गिर्द
किसी और के दर की चाहत नहीं यही एक
फ़साना सलामत रहे
बहुत काटली बंदिशों में हयात के
अब कारवां में गुज़र लें जरा
तन्हाईयों से घबरा गया दिल
के मिलना मिलाना सलामत रहे
कब तक लबों को यूंही
सिये दिवारों की बातें सुनते रहें
अब ख़त्म होने दो ख़ामोशियां
जो गूंजे तराना सलामत रहे
ऐ दिल नहीं ये हकीक़त
कोई ये तो कहानी कोई ख़्वाब सी
हम थे जहां पर अभी भी वहीं हैं ये ख़्वाब
सुहाना सलामत रहे
न जाने हुआ क्या तुझे दिल
मेरे अज़ब दोस्ती तेरी अश्कों से है
खुशी हो या ग़म आंसुओ का
बराबर ये नज़राना सलामत रहे

## नया चलन बने



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

चलें जहाँ भी साथ साथ, अंजुमन बने
मिलकर रहें, वतन-परस्त ये वतन बने
सजाएं बाग़ बाग़बान बनके हम अगर
तो ख़ूबसूरत सा हमारा भी चमन बने
समरसिपाही बन गए, तो ये ख़ौफ़ क्यूँ
के चाहे फिर लहू से अपना पैरहन बने
लिख डालते हैं वो जो नज़र आये चारसू
अपने ही साथ गुज़रे वही क्यूँ सुख़न बने
गाएँगे गीत सारे जो हमारा दिल चाहे
ये देख ज़माने में फिर नया चलन बने

## गुमराह



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

जो थे गुमराह कभी वही राहबर बन गये।
तमाम फूल जिंदगी के पत्थर बन गये।
दूर तलक दरख़्तो के साये नही,
बुलबुलों की मीठी सदाएं नहीं,
मीलों तक बस पत्थरों के घर बन गये।
ये कैसा आया है अब के दौरे खिजां,
हर कोई भूल गया प्यार की जुबां,
मुरझा गये फूल पत्थर खंज़र बन गये।
मौसम का मिजाज इतना सख्त नहीं है,
मगर क्या करें लोगों के पास वक्त नहीं है,
इंसां की बस्ती थी अजनबियों के शहर बन गये।

## हम में कृष्ण ?



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

जब भी प्रेम से सराबोर हम खुद को पाते हैं
जब इस अनमोल भाव को कह नहीं पाते हैं
बिन कहे प्रेम का रस सभी पर यूँ बरसाते हैं
तब हम में कहीं न कहीं श्रीहरि ही समाते हैं
जब हम अपनी वाणी से सभी को लुभाते हैं
कुछ चंचलता दिखा कर,बचपना झलकाते हैं
सभी को अपनी मुस्कान से,अपना बनाते हैं
तब हम में कहीं न कहीं श्री कृष्ण समाते हैं
जब बचपन में,माँ को अटखेलिया दिखाते हैं
अपनी शैतानियों के चर्चे,चारों ओर करवाते हैं
चोरी छिपे दूध दही और माखन खा जाते हैं
तब हम में कहीं न कहीं नंद गोपाल समाते हैं
जब दुखों को हर के,चेहरे पे मुस्कान खिलाते हैं
ऊंच नीच का न कर भेद,सुदामा को अपनाते हैं
अन्याय को न्याय के मार्ग पर जब हम लाते हैं
तब हम में कहीं न कहीं श्री माधव ही समाते हैं
जब हो बुराई चारों ओर और दानव राज करते हैं
लाचारी व परेशानी से जब लोग त्रस्त हो जाते हैं
बुराई को दूर कर देने का जब बीड़ा हम उठाते हैं
तब हम में कहीं न कहीं द्वारकाधीश ही समाते हैं

# अन्य देशों के साथ संबंधों के निर्माण में भारतीय सिनेमा



डॉ. सत्यवान सौरभ
भिवानी
हरियाणा

खुशी की बात है कि हमारा क्षेत्रीय सिनेमा बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों से कई दमदार फिल्में आ रही हैं। भारतीय सिनेमा हमारे देश की विशाल विविधता को दर्शाता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं का घर है। इस तरह की सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाएं भी दुनिया के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। इस संबंध में भारतीय सिनेमा अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दे सकता है। सिर्फ हिंदी फिल्में ही नहीं बल्कि भारतीय भाषाओं की फिल्मों को भी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक दर्शक मिल रहे हैं। विश्व भर मैं फैले भारतीय मूल के लोगों में खूब लोकप्रिय सिनेमा के वैश्वीकरण से इस में मदद मिल सकती है। हमें भारत को ब्रांड बनाने के लिए सामग्री तैयार करने और देश को दुनिया का सामग्री उपमहाद्वीप बनाने के लिए हमें फिल्म बिरादरी और भारत की ताकत का इस्तेमाल करते हुए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

पिछले 100 वर्षों से, सिनेमा एक महत्वपूर्ण संचार उपकरण बन गया है जो राष्ट्रीय राजनीतिक सीमा से परे फैलता है और लोगों को जोड़ता है। विशेष रूप से भारतीय सिनेमा में, जो एक वैश्विक उद्यम है और पूरे दक्षिण एशिया में व्यापक दर्शक वर्ग है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से फैल रहा है, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने और मजबूत करने में एक संभावित उपकरण बन सकता है। भारतीय सिनेमा की जीवंतता, विविधता और कल्पना वास्तव में अद्भुत है। ÷ऐसी कई कहानियां हैं जिसे भारत को दुनिया को दिखाने की जरूरत है। समकालीन भारत की कलात्मक कल्पना आज अधिकांश फिल्मों में दिखाई देती है।

खुशी की बात है कि हमारा क्षेत्रीय सिनेमा बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों से कई दमदार फिल्में आ रही हैं। भारतीय सिनेमा हमारे देश की विशाल विविधता को दर्शाता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं का घर है। इस तरह की सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाएं भी दुनिया के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। इस संबंध में भारतीय सिनेमा अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दे सकता है। भारतीय सिनेमा दुनिया भर में भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, हाल ही में कांटारा (एक कन्नड़ फिल्म) जो स्थानीय कन्नड़ परंपरा को दर्शाती है, विदेशों में कई देशों में रिलीज हुई थी।

भारतीय सिनेमा विदेशों में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने में भी मदद करता है। भारतीय सिनेमा पुरानी परंपराओं के साथ-साथ आधुनिकता का संगम भी दिखाता है। उदाहरण के लिए, पैडमैन जैसी भारतीय फिल्में महिलाओं के लिए सामाजिक विकास में भारतीय अनुभव को दर्शाती हैं जो मध्य-पूर्व में स्थित राष्ट्रों को प्रेरित कर सकती हैं। इसके अलावा, हाल ही में भारतीय सिनेमा महिला सशक्तीकरण (जैसे, मैरी कॉम, शाबाश मिठू आदि) पर गहन रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले देशों द्वारा भी जोर दिया जाता है।

भारतीय सिनेमा भारत के कई हिस्सों की सामाजिक परिस्थितियों को भी दर्शाता है जो विभिन्न राष्ट्रों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता और बंधन पैदा कर सकता है। भारतीय सिनेमा का वैश्विक हिस्सा बहुत बढ़ रहा है। यह कई देशों में बढ़ती आर्थिक उपस्थिति के साथ-साथ भारी मात्रा में राजस्व उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, दंगल चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली गैर-हॉलीवुड विदेशी फिल्म थी।कई भारतीय फिल्में विदेशों में फिल्माई जाती हैं जो विदेशी राष्ट्रों के उपकरणों और तकनीकों का भी उपयोग करती हैं जो राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंध बनाने में मदद कर सकती हैं। भारतीय सिनेमा पड़ोस की भाषाओं का उपशीर्षक संस्करण प्रदान करके, रेस्तरां और विदेशों में सार्वजनिक स्थानों पर इसका प्रचार करके अपनी आर्थिक उपस्थिति बढ़ा सकता है। जबकि एक सॉफ्ट पावर के रूप में भारतीय सिनेमा की क्षमता का काफी हद तक उपयोग नहीं किया गया है, जिसका यदि लाभ उठाया जाए तो अपरिवर्तनीय लाभ पैदा हो सकता है। यह मॉडल फिल्म नीति तैयार करने, प्रौद्योगिकी के उपयोग में वृद्धि, विभिन्न फिल्म संस्थानों के साथ आईसीसीआर सहयोग आदि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। वैश्विक बाज़ार में खुद को आकर्षक बनाने के लिए किसी राष्ट्र की वैचारिक क्षमताएं समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहलू बन गई है। सिनेमा राष्ट्र की ब्रांडिंग के प्रयासों में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। तेजी से हुए उदारीकरण, नियंत्रण में छूट, मीडिया और संस्कृति के निजीकरण ने पिछले कुछ दशकों में भारतीय फिल्म उद्योग को बदल दिया है, और साथ ही वैश्विक डिजिटल मीडिया उद्योगों और वितरण प्रौद्योगिकियों के विस्तार ने भारतीय मनोरंजन चैनलों और फिल्में का वैश्विक मीडिया में अधिक से अधिक उपस्थिति और दृश्यता सुनिश्चित की है।

विश्व मानचित्र पर भारतीय सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता ही है कि आज हिंदी फिल्में दुनिया भर में एक साथ रिलीज होती हैं और इसके सितारों के चेहरे अंतरराष्ट्रीय विज्ञापन और मनोरंजन क्षेत्र में पहचान पाते हैं। यहां तक कि दूर-दराज के अफ्रीकी देश भी हमारी फिल्मों और संगीत से मोहित हैं। हम नाइजीरिया जैसे देशों के बारे में जानते हैं वहां का नॉलिवुड बाजार भारतीय सिनेमा से बहुत प्रेरणा लेता है; बॉलीवुड ने लैटिन अमेरिका जैसे अज्ञात देशों में भी विस्तार किया है तथा हमारा सिनेमा दक्षिण कोरिया, जापान, चीन जैसे देशों में भी पैठ बना रहा है।

सिर्फ हिंदी फिल्में ही नहीं बल्कि भारतीय भाषाओं की फिल्मों को भी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक दर्शक मिल रहे हैं। विश्व भर में फैले भारतीय मूल के लोगों में खूब लोकप्रिय सिनेमा के वैश्वीकरण से इस में मदद मिल सकती है। हमें भारत को ब्रांड बनाने के लिए सामग्री तैयार करने और देश को दुनिया का सामग्री उपमहाद्वीप बनाने के लिए हमें फिल्म बिरादरी और भारत की ताकत का इस्तेमाल करते हुए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

# पहाड़ी महिलायें:दर्द भरा जीवन



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

भारतीय समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन के बावजूद भी कई इलाके ऐसे हैं जहां पर महिलाओं की स्थिति इतनी दयनीय है जिसके बारे में जो कोई सुने तो उसके आंसू आ जाए। इन्हीं में पहाड़ी इलाके हैं जहां पर औरतों की स्थिति इतनी ज्यादा कठिन है हर रोज दर्द सहती हुई वह महिलायें संघर्ष करती हैं। इन पहाड़ी इलाकों में रहने वाली महिलायें इनके उत्थान की बात करना तक फरेब होगा जब तक उसके सिर और पीठ के बोझ को हल्का करने की युक्ति नहीं ढूंढ निकाली जाती और सदियों से चले आ रहे हैं उनके शोषण और उत्पीड़न से भरी जिंदगी में बदलाव नहीं लाया जाता। पहाड़ में रहने वाली महिलाओं पर अर्थव्यवस्था का पूरा भार होता है यहां के अधिकांश पुरुष बेरोजगारी के कारण रोजगार की तलाश में मैदानों की ओर बढ़ते हैं और इसके पीछे रह जाती हैं वह अकेली पहाड़ सी जिंदगी में संघर्ष करती हुई औरतें। शराब के बढ़ते प्रचलन के कारण वहां के रहने वाले नौजवानों ने इसे रोजाना का आहार बना लिया है जिसकी वजह से वह दिशाहीन और खोखले पन की शिकार हो रहे है। दिन रात मेहनत करने वाली महिलायें शराबी पति की मारपीट सहती हैं, यहां तक की प्रकृति भी अपना क्रूर रूप इन महिलाओं पर दिखाती है यहां की प्रकृति ने उन्हें जन्म से ही शोषित होने के लिए विवश कर दिया है। उनकी दिन भर की शुरुआत सबेरे की पहली किरण से शुरू होकर रात के किस अंधेरे तक समाप्त हो जाती है यह कहना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटियों से सिर पर घास का भार इकट्ठा करते हुए बाहर आती है वो महिलायें। बहुत जोखिम भरा काम होता है पता नहीं कब पैर फिसल जाए लेकिन फिर भी वह अफसोस नहीं करती और ना माथे पर कोई शिकन लाती है।

खेती बाड़ी का काम इतना ज्यादा होता है और फसल काटने के समय भी यह औरतें रात दिन अपनी नींद गवां कर जी तोड़ मेहनत करती हैं। फसल की कटाई से लेकर देर रात तक इन्हें खेतों में देखा जा सकता है। कई महिलाएं हल चलाकर भरी दुपहरी में कार्य करती हैं, जब बरसात आती है असहनीय दर्द के बीच भी वह बारिश के पानी में भीगती हुई कार्य करती हैं। जब ठंड आती है तो यह बिना स्वास्थ्य के ख्याल रखें अपने हाथ पाव के ठंडा होने पर भी कार्य करती हैं खेती का जितना भी काम होता है वह पुरुषों की अपेक्षा महिलायें करती हैं। घर के काम से लेकर बच्चों की जिम्मेदारी संभालने तक का काम औरतों का होता है घर में एक टाइम के भोजन के लिए वह दिन-रात मेहनत करती है। पहाड़ी औरतों को बचपन से पराया धन के कह कर उनके माथे पर कलंक जड़ दिया जाता है वहां की महिलाओं को पढ़ने लिखने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें बचपन से ही चूल्हा चौका में लगा दिया जाता है। गोबर से भरी हुई टोकरी लेकर पहाड़ों की कटीले रास्तों से गुजरती हुई अपने कार्य को अंजाम देती हैं। पहाड़ों से गुजरने की जो प्रक्रिया होती है वह बहुत ही दुर्गम होती है। वहां का सामाजिक परिवेश भी महिलाओं के साथ अन्याय करता रहा है। सदियों से यह उत्पीड़न की दुष्ट प्रवृत्तियों से अछूती नहीं रही है। यहां के पुरुष शादी करके इन महिलाओं को श्रमिक के रूप में लाते हैं घर की बहू रानी नहीं, इन्हें नौकरानी की तरह रखा जाता है। आज के शिक्षा जगत में प्रसार प्रचार की वजह से थोड़ा बहुत लोगों की सोच में बदलाव तो आया है, लेकिन अभी पहाड़ के पुरुषों में पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद दूसरी औरत से विवाह कर लेता है, अगर उसकी भी आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो वह तीसरा विवाह भी कर लेता है यह अपने अधिकारों के लिए स्वतंत्र होते हैं और यदि किसी नई नवेली दुल्हन का पति मृत्यु को प्राप्त हो जाए तो बेदर्द समाज उसे दूसरे विवाह की अनुमति नहीं देता है, उसे घुट घुट कर जीवन जीने को विवश करता है। पहाड़ी पुरुषों को अनछुई स्त्री से विवाह करने का पूर्ण अधिकार है पर विधवा स्त्री को विवाह करने का कोई अधिकार नहीं है यह है पहाड़ी औरतों की कहानी।

यहां तक की मां बनने पर भी ईन महिलाओं को दर्द झेलना पड़ता है। यहां प्रसूति के समय महिला को 21 दिन तक अछूत समझा जाता है और प्रसव के लिए उन्हें गौशाला का स्थान दिया जाता है, जहां पर उन्हें उस अंधेरी कोठरी में दिन काटने पड़ते हैं सड़न, बदबू सब तरह की आपदाएं वह महिलायें रहती हैं। प्रसव के दौरान महिला का छुआ पानी भी कोई नहीं पीता, सूखे सामान तो वह औरतें छू सकती हैं लेकिन यदि वह ऐसी हालत में भी कार्य करने के लिए घर से बाहर निकलती है तो उनकी जान चली जाती है। इन पहाड़ी महिलाओं का स्वास्थ्य हमेशा खराब रहता है क्योंकि इन्हें बीमारी के समय में भी पूरा कार्य करना पड़ता है। जब यह महिलायें प्रसव के बाद भी खेतों में काम करने जाती हैं तो अपने बच्चे को भी टोकरी में रखकर चारपाई से बांध देती है ताकि शिशु की देखभाल वह स्वयं कर पाए पुरुष इसकी जिम्मेदारी नहीं लेता है और वह सारे पुरुष एक चौपाल में बैठकर ताश खेलते हैं। वहां की अधिकतर महिलाएं टीबी की शिकार होती है जब प्रसव के दौरान इनकी ठीक से देखभाल नहीं हो पाती है और गंदे कमरों में इनका जब निवास होता है तो कुपोषण और निमोनिया से यह ग्रस्त महिलायें इलाज के अभाव में दम तोड़ देती हैं। सोचने वाली बात यह है कि इन पहाड़ी पुरुषों को महिला के मरने के बाद कोई गम नहीं होता है उनके मरते ही वह दूसरे विवाह की तैयारी में लग जाते हैं। चिकित्सा के अभाव में यह पहाड़ी महिलायें तांत्रिक के टोटके मैं फंसा दी जाती है। वहां के पुरुष महिलाओं पर काफी अत्याचार करते हैं जिसकी वजह से यह औरतें आंसू पीकर काम का भार ढोते हुए अपने जीवन के जंजाल में फंसी रहती है। इनकी तकलीफ सुनने के लिए परिवार में ऐसा कोई सदस्य नहीं होता जो उनकी देखभाल कर सकें।

आखिर कब तक यह पहली महिलायें संघर्ष से जूझती रहेंगी? क्या इनकी अपनी इच्छाएं नहीं है? इनके उत्थान और उपचार के लिए आज तक कोई पहाड़ी क्षेत्रों में सुविधायें प्राप्त नहीं हुई है। यह महिलायें आज भी कुरीतियों और रीति-रिवाजों में फंसी हुई है इन पहाड़ी महिलाओं की तकलीफ समझने के लिए वहां के पुरुषों को जागरूक होना आवश्यक है। पहाड़ी क्षेत्र में हर बच्चों को यदि शिक्षा का अधिकार मिले और वहां पर रहने वाले लोग इस शिक्षा का लाभ उठाएं तो शायद औरतों की वह इज्जत करना भी सीख जाए। शिक्षा के अभाव में औरतों पर अत्याचार यह पुरुष कब तक करेंगे? इन पहाड़ी महिलाओं का बदतर जीवन सुधारने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ना चाहता है, शायद यह औरतें इसी तरह अपने जीवन के पड़ाव को पार करते हुए मर जाएंगी, पर पहाड़ी पुरुषों को इससे कभी कोई फर्क नहीं पड़ने वाला! क्योंकि उनके पास दूसरा विवाह करने की स्वतंत्रता है। निःशब्द हूं! हताश हूं, उन औरतों की यह स्थिति देखकर मैं। शायद ही इनकी कोई करुण पुकार सुनने कोई भगवान आ जाए तो इनकी स्थिति में भी सुधार आ जाए, वरना यह संघर्ष करती हुई ऐसे ही मरती और मिटती रहेंगी।

# बच्चों को समाज मे घट रही श्रद्धा जैसी घटनाओ से अवगत कराएं!

आप भी अपने बच्चों को खूब जरुर पढ़ाएं , आजादी भी दें , मगर इतनी भी नहीं कि वो जंगलों में टुकड़े टुकड़े होकर मिले , संस्कारविहिन हो जाए , आपकी हमारी सतर्कता ही हमारे बहन बेटियों का बचाव है अन्यथा ये एक ऐसी उम्र होती ही है जो कि अक्सर बहक जाते ही है। आखिर ये बढ़ती अश्लीलता ,प्यार के नाम पर धोखे का जिम्मवेर कौन है ? याद कीजिए एक 8 साल के बच्चे ने राजा हरिश्चंद्र फिल्म देखा , फिल्म से प्रेरित होकर उसने सत्य का मार्ग चुना वो बड़ा होकर महान व्यक्तित्व के रूप में जाना गया। लेकिन आज 8 साल के बच्चें टीवी पर क्या देखता है ? यह किसी से आज छुपा हुआ नही है ,ये मन मस्तिष्क पर बचपन से ही बच्चों के संस्कार को धूमिल करते जा रहे हैं। हम श्रद्धा कांड में देख रहे है की टुकड़े टुकड़े करके जंगलों में हैवान भेकता रहा ऐसे ही अन्य हिस्सों से भी बहुत से खबरे आती ही रहती है , इससे हमे अब सीखते हुए सतर्क होने की जरूरत है,इसीलिए आप भी एक बार अपने काम , नौकरी , व्यापार धंधे से फुर्सत लेकर कभी कभी देख लिजिए कि आपकी बेटी या बेटा कोचिंग ही जा रहे है न,स्नेप चैट का इस्तेमाल कर रहे हो तो चैट डिलीट का आप्शन तो नहीं है,घंटों अपने कमरे में या अपने दोस्तों के साथ तो समय नहीं बिता रहे है।प्रोजेक्ट है, प्रोजेक्ट है कहकर दोस्तों के घर बार बार तो नहीं जा रहे , अगर आपकी बेटी या बेटे का स्कूल आपसे सच्चाई कहे तो स्कूल की बात गंभीरतापूर्वक सुनें न कि गुस्सा हों ,कपडे के पहनावा मर्यादा मे तो हैं ना,देर रात तक फोन का इस्तेमाल तो नही किया जा रहा है ना, अगर बेटी या बेटा कही बाहर हॉस्टल मे रहते है तो बिना बताए अचानक कभी-कभार मिलने पहुच ही जाए, बेटी या बेटे के दोस्तों से उनके बारे मे फीडबैक लेते रहें ,शापिंग के लिए भले ही सहेलिया साथ मे जा रही हो लेकिन परिवार का कोई न कोई सदस्य भी संभव हो तो साथ मे जाए ,एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर विशेष सतर्क रहें,बच्चे के दोस्त और सहेलिया कौन है उनका व्यवहार चरित्र और चाल चलन कैसा है इसपर विशेष नजर रखें,घर के सभी तीज त्यौहारो पूजा-पाठ एक धार्मिक कार्यो मे शामिल करें, समाज मे घट रही श्रद्धा जैसी घटनाओ से उन्हे अवगत कराएं।

आज देखे तो भारतीय समाज बुरी तरह से पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित हो चुका है, इतना ज्यादा कि कई बार कॉपी करने के मामले में पश्चिमी लोगों को भी भारतीय समाज पीछे छोड़ दे रहा है,वही अक्सर भारतीय माता-पिता 'कूल' बनने की कोशिश में लगे रहते हैं। वही देखे तो बड़े शहरों में माता-पिता, बच्चों को आधुनिक बनाने के चक्कर में, पश्चिमी संस्कृति सिखाने के चक्कर में उन्हें अपनी जड़ों से दूर कर दे रहे हैं। उन्हें अपनी संस्कृति के बारे में, अपने धर्म के बारे में, अपनी जड़ों के बारे में कुछ बताते ही नहीं है जिसका प्रतिफल आज देखने को मिल रहा है,आप सभी से विनम्र निवेदन है कि आप अपने बच्चों के लिए समय जरुर निकाले उन्हें ये भी बोलते रहे हैं की हर एक नारी मां का ही स्वरूप होती है जो 9 माह कोख में रखकर हमे जन्म देती है ,चाहे उनसे हमारा कोई भी रिश्ता हो कभी वह मां, बहन , दादी मां, पत्नी,दोस्त और भी ना जाने कितने रिश्ते में समेटकर हमे इस धरा पर सवारकर कर मजबूत करती हैं,याद रहे संस्कार , सतर्कता व जागरूकता ही समाज में ऐसी घटनाओं को रोक सकती है।



डॉ. विक्रम चौरसिया
दिल्ली

# इतिहास से सबक लें,वर्तमान में जिए और भविष्य संवारे



संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी
रायपुर छत्तीसगढ़,

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ÷आशाओं पर आकाश टिका हुआ है÷ और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

## माँ के दर्द का अहसास है



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है
सामान्य सी दिखती लड़की,
सब से खास है
दर्द में पली लड़की,
जिसे दर्द का अहसास है
एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है
उसकी सोच सामान्य
लड़कीयों से भिन्न है
उसकी गम माँ के गम से
सदैव अभिन्न है
जिसे माँ मे ही करनी ,
बाप की भी तलाश है
एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है
उमड़ आते है गम के,
आंसू आँखों में अक्सर
सोचती है क्या आयेगी
कभी खुशी के अवसर
कितने गम है मगर,
अभी भी जीने की आश है
एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है
अजीब से सवाल
उसके जहन में उठती है
जवाब के तलाश में,
अपने आप से रूठती है
जवाब मिलने का,अब भी उसे आश है
एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है
किसी के सब कुछ
रहकर कुछ भी नहीं होता है
ऐसा अजीब इत्तेफाक
दुनिया में क्यूंकर होता है
तब से अब तक हमें
उसके उत्तर की तलाश है
एक लड़की जिसे
माँ के दर्द का अहसास है


## प्रेम



प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रेम लहर मन में जब उठती,
मुश्किल थामना।
प्रेमी ही समझे
बस प्रिय के,उर की भावना।।
प्रेम भाव अंतर में रहते,
बनकर गंध से।
अनजाने ही हैं जुड़ जाते,
मन के बंध से।।
अक्सर करते हैं ये प्रेमी ,
चाहत कामना।
प्रेम लहर मन में जब
उठती,मुश्किल थामना।।
प्रिय की बोली लगती
जैसे, गुड़ की हो डली।
मंदिर जैसी पावन लगती,
प्रियवर की गली।।
विरह गरल पीते जब होता,
दुख का सामना।
प्रेम लहर मन में जब उठती,
मुश्किल थामना।।
प्रेम सदा जाहिर भावों से,
यह तो मौन है।
प्रिय जैसा धरती पर पावन,
दूजा कौन है।।
प्रिय की मूरत रखकर प्रेमी,
करता साधना।
प्रेम लहर मन में जब उठती,
मुश्किल थामना।।

## बड़े बने ये साहित्यकार



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,
हिसार
(हरियाणा)

बंटते बंदर बांट पुरस्कार ।
दौड़ रहे है पीछे-पीछे,
बड़े बने ये साहित्यकार ।।
पुरस्कारों की दौड़ में खोकर,
भूल बैठे हैं सच्चा सृजन ।
लिख के वरिष्ठ रचनाकार,
करते है वो झूठा अर्जन ।।
मस्तक तिलक लग जाए,
और चाहे गले मे हार ।
बड़े बने ये साहित्यकार।।
अब चला हाशिये पे गया,
सच्चा कर्मठ रचनाकार ।
राजनीति के रंग जमाते,
साहित्य के ये ठेकेदार ।।
बेचे कौड़ी में कलम,
हो कैसे साहित्यिक उद्धार ।
बड़े बने ये साहित्यकार।।
देव-पूजन के संग जरूरी,
मन की निश्छल आराधना ।।
बिन दर्द का स्वाद चखे,
न होती पल्लवित साधना ।।
बिना साधना नहीं साहित्य,
झूठा है वो रचनाकार ।
बड़े बने ये साहित्यकार।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।



# बर्फीली हवाओं के कारण सरगुजा में पड़ रही कंपकंपाने वाली ठंड

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बर्फीली हवाओं के कारण पिछले तीन दिनों से सरगुजा सहित आस पास के क्षेत्रों में ठंड कंपकंपना शुरू कर दिया है। वहीं छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में ओस की बूंदे जमनी शुरू हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार का सरगुजा में न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सरगुजा के मैनपाट के अलावा बलरामपुर जिला के कुसमी सामरीपाट में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बर्फीली हवाओं के कारण पूरे दिन लोग गर्म कपड़ों में ही नजर आए।

# भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में हार नजर आने से भाजपा प्रत्याशी के चरित्रहनन का प्रयास कर रही कांग्रेस : अनुराग

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर में होने वाले उपचुनाव की प्रक्रियाओं के बीच मतदान के पूर्व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम पर लगाए गए आरोप को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने षड्यंत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की घृणित राजनीति करने वाले सीडी कांड को लेकर कटघरे में खड़े मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं। भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में इन्हें हार नजर आ रही है, इसलिए 18 नवंबर को स्कूटनी में नाम खारिज कराने में असफल होने के बाद भाजपा प्रत्याशी के चरित्रहनन का प्रयास कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने किया है, जिसकी भाजपा निंदा करती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा प्रत्याशी पर पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज होने का आरोप लगाया है, जिससे स्वयं ब्रह्मानंद नेताम बेखबर हैं। मामला वर्ष 2019 का है, जिसकी रिपोर्ट झारखंड में हुई है। नवंबर 2022 तक इंतजार के बाद चुनाव के समय इसे तूल देने का प्रयास किया गया, जबकि पॉक्सो एक्ट के मामले में त्वरित कार्रवाई, गिरफ्तारी की जाती है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ और झारखंड की सरकार का चाल-चलन एक जैसा है, दोनों ही सरकारें गंभीर षड्यंत्र रचने में लगी हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी झारखंड सरकार की आवभगत छत्तीसगढ़ सरकार कैसे करती है, इससे सभी वाकिफ हैं। उन्होंने कहा उपचुनाव में करारी शिकस्त मिलने का अंदेशा कांग्रेस को हो गया है, इसलिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। 32 प्रतिशत आरक्षण को लेकर वैसे भी आदिवासी वर्ग में आक्रोश है। पत्रकार वार्ता के दौरान सरगुजा लोकसभा के पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कांग्रेस ने स्वच्छ छवि के भाजपा प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष स्वयं आदिवासी समाज से हैं, उन्होंने आदिवासी समाज के भाजपा प्रत्याशी के चरित्रहनन का प्रयास मुख्यमंत्री या फिर कांग्रेस के बड़े नेताओं के दबाव में किया हो, तो बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस की आदिवासियों के प्रति शुरू से ही अच्छी मंशा नहीं रही है। आदिवासियों को मिलने वाले 32 प्रतिशत आरक्षण को इन्होंने समाप्त कर दिया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, अखिलेश सोनी, प्रबोध मिंज, रूपेश दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# दीवार पेंटिंग के माध्यम से किया गया स्वच्छाता के प्रति जागरुक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।




नगर पालिक निगम अंबिकापुर द्वारा स्वच्छता जागरुकता हेतु श्रमदान के माध्यम से सोमवार को वार्ड क्रमांक 9 के जवाहर मार्केट क्षेत्र में बैक लेन जीर्णोधार, दीवार पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय तिर्की एवं आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई नागरिकों को स्वच्छता के महत्व को समझने और अपने घर एवं प्रतिष्ठान के साथ-साथ नगर को भी स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान महापौर ने बताा कि जिस तरह घर के अंदर एवं बाहर सफाई रखते हैं, उसी तरह घर के पीछे या मोहल्ले के बैक लेन में भी स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसी तारतम्य में आज जनसहयोग से इस बैक लेन का जीर्णोधार किया गया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य द्वितेंद्र मिश्रा, मेराज रंगरेज, संध्या रवानी, विनोद एक्का, पार्षद गीता प्रजापति, गीता रजक, मंजूषा भगत, पूर्व पार्षद करताराम गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता सहित वार्डवासी, स्वच्छता दीदीयां सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता रही।

# एक वर्ष से लंबित आरटीई भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले निजी स्कूल के संचालक

- संवाददाता -
सूरजपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

**जांच के नाम पर राशि रोकने का आरोप, बोले स्कूलों की माली हालत है खराब**

निजी शिक्षण संस्थान संचालको ने आज कलेक्टर से मुलाकात कर पिछले एक वर्ष से लंबित आरटीई की राशि दिलाने की गुजारिश की है।निजी स्कूल संचालकों ने दिए ज्ञापन में कहा है कि जिले के सभी निजी स्कूल शासन द्वारा दिये गए सभी निर्देशों का पालन जिले के समस्त निजी स्कूल करते आ रहे हैं। लगभग 1 वर्ष से हमारे जिले में निजी विद्यालयों की आरटीई से संबंधित लगातार जाँच प्रक्रिया जारी है। जिसका परिणाम यह है कि राज्य के समस्त जिले के भुगतान हो चुके हैं। केवल सूरजपुर जिले को छोड़ कर प्रदेश के अन्य जिलों का भुगतान हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जो भी आदेश दिया गया है उसके अनुसार जिले के सभी विद्यालयों के द्वारा जाँच हेतू दस्तावेज प्रस्तुत किया जाता रहा, इसके बाद भी आज तक भुगतान नहीं हो पा रही है। उक्त राशि के न मिलने से सभी निजी विद्यालयों की आर्थिक स्थिति बेहद गंभीर है। कोरोना काल जैसे गंभीर आपदा को बीते कुछ ही दिन हुए हैं। विद्यालयों मे कार्यरत कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे स्थिति में आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि की बेहद आवश्यकता है, जिससे विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन का भुगतान विद्यालय प्रबंधन कर सके। विद्यालयों को उनके राशि भुगतान हेतू संगठन आप से आरटीई की राशि भुगतान के लिए प्रतिक्षा हेतू एक निश्चित तिथि अथवा अवधि की माँग करता है। यदि 15 दिवस के भीतर आपके द्वारा भुगतान से संबंधित कोई भी आश्वासन प्राप्त नहीं हो पाती है तो हम समस्त संगठन के सदस्य मजबूर होकर गांधी जी के विचारधारा को अपनाते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का रास्ता अपनाएंगे।हम जाँच प्रक्रिया मे कोई दखल नहीं दे रहे हैं। यदि कोई विद्यालय संदेह के घेरे में है तो उनका भुगतान आप रोक कर पुनः जाँच कर सकते हैं। हमारी संगठन को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जो विद्यालय जाँच मे निर्दोश हैं। उनके भुगतान तुरंत किये जायें।

# राष्ट्रीय रॉकबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता आज से अंबिकापुर में

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राकबॉल छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के द्वारा छठवीं सीनियर राष्ट्रीय राकबॉल चैंपियनशिप का आयोजन अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल मैदान में आज 22 नवंबर से किया गया है, जो 24 नवंबर तक चलेगा। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 372 खिलाड़ी देश के 18 राज्यों से पहुंचेंगे।

एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी ओपी सिंह ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि खेल में 17 राज्यों के पुरूष और 14 राज्यों की महिला टीमें प्रतिभागी होंगी।

# विश्वविद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सीसीटीवी लगाने की मांग



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

तेजस्वी नारी शक्ति सामाजिक संगठन की ज्योति चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर माध्यम से मुख्यमंत्री मंत्री को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें यह मांग की गई है कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाली सभी विश्वविद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा एवं शिकायत पेटी लगाया जाए। शासकीय विश्व विद्यालयों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों÷ में पढने् वाले छात्र-छात्राएं सभी वयस्क होते हैं कभी-कभी छात्रों के साथ बहुत ही अप्रिय घटना होती जाती है, जिसे सुनने जानने के बाद बहुत दुख होता है। अपराध को उजागर करने के बजाए उसे छुपाने का कार्य भी किया जाता है जो बहुत ही शर्मनाक घटना होती है इसलिए सभी शासकीय स्कूलों और विश्वविद्यालयों में सी.सी.टी.वी कैमरा के साथ शिकायत पेटी लगाई जाए और सभी शिकायत पेटी को समाजसेवी, निगरानी कर्ता ,ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, बच्चों के गार्जियन एवं निगरानी सदस्य नियुक्त किए जाएं। शिकायत पेटी की चाबी उचित एवं जिम्मेदार हाथों में सौंपी जाए। एवं प्रत्येक माह के 15-15 दिनों में यह पेटी सार्वजनिक खोली जाए और इस शिकायत पेटी में कोई भी शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं अपनी शिकायत लिख कर डाल सकते हैं।

# पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान टीम खैरबार ने जीता



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर से लगे खैरबार गाडाघाट में पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान टीम खैरबार और बलसेड़ी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। बलसेड़ी को हराकर खैरबार की टीम प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता एंव कांग्रेस नेता अरविंद सिंह गप्पू और बंटी शर्मा उपस्थित थे। 20 दिनों तक चले इस फुटबॉल प्रतियोगिता में समापन और फाइनल मैच मेजबान खैरबार और बलसेड़ी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें गत वर्ष की चैंपियन बलसेड़ी को हराकर मेजबान खैरबार ने इस प्रतियोगिता में अपना कब्जा जमा लिया।

30 अक्टूबर से 20 नवंबर तक ग्राम खैरबार गाड़ाघाट में पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबले में पहले हॉफ तक बलसेड़ी क्लब की टीम 2-1 से बढ़त बनाए हुए थी, लेकिन दूसरे हॉफ के खेल में खैरबार की टीम ने लगातार दो गोल कर 3-2 से फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश कुजूर, उपाध्याय विष्णु खलखो, कोषाध्यक्ष सोमनाथ टेकाम, सचिव राम करण तिर्की, सरपंच बसंती मिंज उप सरपंच अदीप एक्का, रवि , जेंडर, सामू, अभिषेक, पंकज, जय प्रकाश, आमीन इलियास, रूकेश, अनुक, जूनस, रोशन कुजूर, सुरेन्द्र कुजूर, आलोक एक्का, अशोक सोनी, प्रवीण खलखो की भूमिका अहम रही।



# महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के विधि विभाग अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। इस दौरान छह दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पहला दिन सोमवार को संविधान दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया गया। रैली अंबेडकर चौक होते हुए गांधी चौक, घड़ी चौक पहुंची। जहां रैली में सम्मिलित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात रैली आकाशवाणी चौक होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुआ। इस रैली में विधि विभाग के सभी छात्र-छात्राओं के साथ विभाग के विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार एवं प्रो. माघवेंद्र तिवारी, पंकज कुमार अहिरवार, पूनम सोनवानी, डॉ. नीमा कमर उपस्थित रहे।

# सुनार उत्थान समाज की बैठक में नरेश सोनी बने जिला अध्यक्ष

- संवाददाता -
बलरामपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



सुनार उत्थान समाज बलरामपुर जिले की बैठक महामाया मंदिर प्रांगण वाड्रफनगर में किया गया। इस बैठक में बलरामपुर जिले के कुसमी, शंकरगढ़, राजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज, रामचंद्रपुर, सनावल, वाड्रफनगर के सम्मानीय पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता आदित्य सोनी बलरामपुर द्वारा किया गया। बैठक में सर्व सहमति से नरेश सोनी को बलरामपुर जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष बनाए जाने की अनुशंसा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी परशुराम सोनी ने प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, महामंत्री आदित्य सोनी द्वारा की गई थी। यह बैठक सुरेश सोनी, रघुनाथ सोनी कंचन सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। बैठक में रविकांत सोनी राजकुमार सोनी, ओम प्रकाश सोनी, राजेश सोनी, सुरेश सोनी, माधव सोनी, रोशन सोनी, नंदलाल सोनी, अजय सोनी, रुपेश सोनी, राजू सोनी, प्रहलाद सोनी, नंदू सोनी, संतोष सोनी, उमाशंकर सोनी, रतन सोनी, रंजन सोनी, जीवन सोनी, गोविंद सोनी, कन्हैया सोनी, रमेश सोनी, सुनील सोनी, विनोद सोनी, शिवम सोनी, राजेश सोनी, राजू सोनी, कृष्णा सोनी, नंदलाल सोनी, चांद सोनी, अरविंद सोनी, रवि वर्मा, श्यामनाथ सोनी, उमाशंकर सोनी, रामचंद्र सोनी, रमेश सोनी, शंभू सोनी, संतोष सोनी, मनोज सोनी, कन्हाई सोनी, दीपक सोनी, श्याम बिहारी, रामा सोनी, संतोष सोनी, बृजमोहन सोनी, विकास सोनी, संजय सोनी, रंजीत सोनी, संतोष सोनी, नरेंद्र सोनी, जितेंद्र सोनी इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में सोनार उत्थान समाज के सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन में मितानिनों ने रखीं अपनी समस्याएं

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



अम्बिकापुर के जनपद पंचायत सभा कक्ष में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मितानिन बहनें मुख्य रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष मधु सिंह के साथ जिपं सदस्य राकेश गुप्ता मौजूद रहे। स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन के दौरान मितानिन बहनों ने अपनी कई समस्याओं से जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य को अवगत कराया। अधिकांश ने बिजली बिल की समस्या को बताते हुए अधिक बिल आने की बात कही। सभी की बातों को ध्यान रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा समस्या को अंबिकापुर विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव से चर्चा कर जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। ग्रामीण क्षेत्रों से बिजली बिल की आ रही समस्या को देखते हुए कैंप लगाकर इसे दूर करने की बात जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता ने कही।

# जपं बैकुंठपुर सीईओ के खिलाफ जनपद उपाध्यक्ष की कई शिकायतों के बाद भी कार्यवाही क्यों नहीं ?

**जनपद पंचायत सीईओ पर फर्जी प्रस्ताव कर लाखों रुपए के भुगतान करने का आरोप, कलेक्टर से हुई शिकायत।**

## जनपद उपाध्यक्ष सीईओ के खिलाफ कई बार शिकायत कर चुकी पर सत्ताधारी जनपद उपाध्यक्ष की ही सुनवाई क्यों नहीं?

-रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ को लेकर कई बार कलेक्टर से लेकर मंत्री व मुख्यमंत्री तक शिकायत हो चुके और शिकायत करने वाला भी कोई और नहीं सत्ताधारी दल के जनपद उपाध्यक्ष हैं उसके साथ विपक्ष की बनी अध्यक्ष भी हैं पर इन सभी की शिकायतों के बावजूद जनपद सीईओ पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, आरोप तो कई लग रहे पर आरोप के बावजूद कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं एक सवालिया निशान भी खड़ा करता है और सवालिया निशान इसलिए खड़ा होता है क्योंकि जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस के हैं और विधायक के काफी करीबी इसके बावजूद उनके ही क्षेत्र में उन्हीं के अधिकारी उनका नहीं सुन रहे यह भी अजीबोगरीब बात है, वही खींचातानी की स्थिति निर्मित है शिकायतों का दौर जारी है



पर अपने ही सरकार में उन्हीं की शिकायतों पर कोई भी कार्यवाही ना होना उनकी शिकायतों को नजरअंदाज करना अपने आप में एक सोचनीय विषय हो गया है।

जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ पर फर्जी प्रस्ताव कर लाखों रुपए का भुगतान करने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने कोरिया कलेक्टर से शिकायत पत्र सौप कर जांच की मांग किए हैं जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि मैं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुई हूं जनपद पंचायत में सामान्य प्रक्रिया अथवा जनपद के किसी भी कार्य योजना की सहमति एवं जनपद पंचायत की सामान्य सभा बैठक करने व आयोजित बैठक में अध्यक्षता की वर्तमान में अधिकार प्राप्त है वही जनपद सीईओ का कार्य सभी गतिविधियों का संचालन नियमानुसार कराया जाना है जनपद पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने बताया कि बीते 30 सितंबर को सामान्य सभा की बैठक हुई थी जिसमें जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सदस्य उपस्थित रहे जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों का हस्ताक्षर करवा लिया गया था वहीं कार्यवाही पंजी को व्योरा अंकित नहीं कीया गया बैठक खत्म होने के बाद समस्त मनमानी तरीके से संपूर्ण कोरम अपने मन से पूरा किया गया व लाखों रुपए की भुगतान का भी कार्यवाही पंजी में उल्लेखित कर प्रस्ताव पास करा लिया गया इससे पहले भी जनपद पंचायत के वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा और भी अपनी मनमानी की जा चुकी है जिसकी शिकायत कई बार की गई है जिससे हम सभी जनप्रतिनिधि वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्य व्यवहार से परेशान है।

# बाल दिवस सप्ताह के तहत डकई पारा प्राथमिक शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्राथमिक शाला डकई पारा में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, बैकुंठपुर देवेश जयसवाल, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां श्री जितेंद्र गुप्ता, शाला प्रबंध समिति के सदस्यों पालकों एवं साथी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



इस कार्यक्रम में विशेषकर बच्चों का अभिव्यक्ति कौशल देखने को मिला। सभी बच्चों ने क्रमशः कुछ पंक्तियों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रेणी में बच्चों ने सामूहिक नृत्य, गायन व ढोलक वादन की मनोरंजक प्रस्तुति दी। प्रांगण में आयोजित बाल मेले में सभी बच्चे दुकानदार की भूमिका में नजर आए। इस आयोजन से बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक एवं सामाजिक शिक्षा से भी जुडने का अवसर मिला। अतिथियों ने बाल मेले में सजे विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। तत्पश्चात प्रिंट रिच एवं सहायक शिक्षण सामग्री से सुसज्जित कक्षा कक्ष का अवलोकन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का समग्र विकास करने में मदद मिलती है। जितेंद्र गुप्ता जी ने बच्चों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर विद्यालय के सभी बच्चों को पानी का बोतल उपहार में दिया इससे बच्चों के चेहरे फूलों की तरह खिल उठे। विद्यालय की प्रभारी प्रधान पाठिका श्रीमती अर्पणा मिश्रा ने इस विद्यालय की उपलब्धि बताते हुए कहा की कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी बच्चे किताब पढ़ पाने में सक्षम हैं । अंत में इस कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से विद्युत खंभा गिरा,पार्षद ने पूर्व में विभाग को दी थी जानकारी

- संवाददाता -
कोरबा, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा, वार्ड क्रमांक 29 पोड़ीबहार में बिजली विभाग एवं वाहन चालक की घोर लापरवाही सामने आई है द्ध बीती रात तेज रफ्तार कार के चालक ने विद्युत पोल को अपनी चपेट में ले लिया । दुर्घटना में विद्युत पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया । यह घटना मेन रोड साहू किराना दुकान के पास घटित हुई, इस वजह से मार्ग में बीती रात से आवागमन बधित हो गया था । सुबह स्कूल के बच्चों,एवं वार्ड वासियों आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा । वार्ड पार्षद प्रदीप जयसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारी को फोन के माध्यम से सूचना दिया, लेकिन अधिकारियों की ओर से किसी प्रकार का जवाब नहीं आया और ना ही कोई विद्युत कर्मी इसे सुधारने के लिए मौके पर पहुंचे । स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले से ही उक्त खंभा गिरने की स्थिति में थी जिसकी जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया गया था। पोड़ीबहार में इसी तरह बहुत से विद्युत पोल जर्जर स्थिति में है जो कभी भी गिर सकते हैं इसकी भी जानकारी बिजली विभाग को दिया गया था इसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा इसे सुधारने के लिए प्रयास नहीं किया गया । पार्षद ने अधिकारियों से कहा था अगर बिजली खंभों को ठीक नहीं किया गया और कोई दुर्घटना हुई तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी, फिलहाल एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया । समाचार लिखे जाने तक विद्युत विभाग के कर्मी सुधारने के लिए नहीं पहुंचे थे इस वजह से इस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा।

# डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल प्रेमनगर में बाल दिवस के अवसर पर शानदारः बाल मेला का किया गया आयोजन



- संवाददाता -
वाड्रफनगर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखण्ड में दिनांक 19 नवम्बर 2022 को डी 0 ए 0 वी 0 मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल प्रेमनगर में बाल दिवस के शुभ अवसर पर शानदार बाल मेला का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी वाड्रफनगर रोहित जायसवाल एवं थाना प्रभारी बसंतपुर महेश मरकाम जी के द्वारा पं 0 जवाहर लाल नेहरू जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उनके छायाचित्र के समक्ष केक काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया । विशिष्ट अतिथि में सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी , आतिथियो में राहुल पटवा , सत्यप्रकाश जायसवाल , रामहरी गुप्ता एवं समस्त अभिभावक गण और ग्रामवासी सामिल हुए । संस्था प्रमुख सुरेन्द्र सिंह , बाबू नवीन मेहता एवं समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं ने शानदार बाल मेले का आयोजन किया तथा बच्चों को प्रोत्साहन बढ़ाने में सराहनीय योगदान रहा । बच्चों ने लगभग 20 स्टाल लगाया जिसमें फल , और गेम , खिलौने , मीमोस , चाट , फूल्की , बड़ा पाव , समोसे एव बरेड पकौड़ , आलु बड़ा , गुब्बारे , चाय आदि की दुकानें शामिल थे । जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के डी 0 ए 0 वी 0 मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल प्रेमनगर के बच्चों ने काफी उत्साह पूर्वक बाल मेला का आनन्द लिया एवं काफी अनुशासन तथा साफ - सफाई पर ध्यान दिया गया प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों की गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश की गई साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एव खेल का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह , बाबू नवीन मेहता , तथा शिक्षक कौशिक सिंह , उषा दुबे , कंचन तिवारी , चंचला सिंह , बीरबल कुशवाहा , हेमन्त कुमार , मंजू कुशवाहा , सुप्रिया शर्मा , संजीव कुमार आयम , निकिता मेहता , प्रियंका कुशवाहा , खुशबू पटेल , एवं शालिनि पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा ।

## अभिभावकों के शिक्षक-सम्पर्क हेतु प्रतिदिन अतिरिक्त कालखंड का किया गया निर्धारण

- संवाददाता -
सूरजपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भुवनेश्वरपुर में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों के पढ़ाई लिखाई,अनुशासन ,विषय दक्षता ,प्रतिभा विकास,कैरियर को लेकर चिंतित रहते हैं,इस चिंता को देखते हुए विचारोपरांत प्राचार्य यादवेंद्र दुबे ने आदेश जारी कर विद्यालय में अतिरिक्त व्यवस्था बनाई है जिसमें संस्था के छात्रों का पूर्ण अवकाश होने के बाद अभिभावक प्रतिदिन शालेय दिवस पर सम्बंधित शिक्षकों से (शनिवार को छोड़कर) अपराह्न 12.20 से 12.50 के बीच की समयावधि में मिलकर अपने बच्चों के शैक्षणिक विकास, दक्षता, अनुशासन, व्यक्तित्व, कैरियर, एवं छात्रों से सम्बंधित अन्य विद्यालयीन क्रियाकलापों समस्याओं को लेकर चर्चा कर सकते हैं और इस चर्चा ,समाधान को सतत जारी रख सकते हैं।संस्था में सुझाव पंजी भी बनाई गई है।



# एक वर्ष से लंबित आरटीई भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले निजी स्कूल के संचालक

**जांच के नाम पर राशि रोकने का आरोप,बोले स्कूलों की माली हालत है खराब**

- संवाददाता -
सूरजपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

निजी शिक्षण संस्थान संचालको ने आज कलेक्टर से मुलाकात कर पिछले एक वर्ष से लंबित आरटीई की राशि दिलाने की गुजारिश की है।निजी स्कूल संचालकों ने दिए ज्ञापन में कहा है कि जिले के सभी निजी स्कूल शासन द्वारा दिये गए सभी निर्देशों का पालन जिले के समस्त निजी स्कूल करते आ रहे हैं। लगभग 1 वर्ष से हमारे जिले में निजी विद्यालयों की आरटीई से संबंधित लगातार जाँच प्रक्रिया जारी है। जिसका परिणाम यह है कि राज्य के समस्त जिले के भुगतान हो चुके हैं। केवल सूरजपुर जिले को छोड़ कर प्रदेश के अन्य जिलों का भुगतान हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जो भी आदेश दिया गया है उसके अनुसार जिले के सभी विद्यालयों के द्वारा जाँच हेतू दस्तावेज प्रस्तुत किया जाता रहा, इसके बाद भी आज तक भुगतान नहीं हो पा रही है। उक्त राशि के न मिलने से सभी निजी विद्यालयों की आर्थिक स्थिति बेहद गंभीर है। कोरोना काल जैसे गंभीर आपदा को बीते कुछ ही दिन हुए हैं। विद्यालयों मे कार्यरत कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे स्थिति में आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि की बेहद आवश्यकता है, जिससे विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन का भुगतान विद्यालय प्रबंधन कर सके। विद्यालयों को उनके राशि भुगतान हेतू संगठन आप से आरटीई की राशि भुगतान के लिए प्रतिक्षा हेतू एक निश्चित तिथि अथवा अवधि की माँग करता है। यदि 15 दिवस के भीतर आपके द्वारा भुगतान से संबंधित कोई भी आश्वासन प्राप्त नहीं हो पाती है तो हम समस्त संगठन के सदस्य मजबूर होकर गांधी जी के विचारधारा को अपनाते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का रास्ता अपनाएंगे।हम जाँच प्रक्रिया मे कोई दखल नहीं दे रहे हैं। यदि कोई विद्यालय संदेह के घेरे में है तो उनका भुगतान आप रोक कर पुनः जाँच कर सकते हैं। हमारी संगठन को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जो विद्यालय जाँच मे निर्दोश हैं। उनके भुगतान तुरंत किये जायें।



# शक्तिकेन्द्रों का दौरा कर भाजपा नेता कार्यकर्ताओं को दे रहे जीत का मंत्र

- संवाददाता -
सूरजपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल व प्रेमनगर विधानसभा प्रभारी रामेश्वर पाण्डेय द्वारा प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र का दौराकर शक्तिकेन्द्रों की बैठक कर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दे रहे है। विधानसभा प्रभारी द्वारा प्रेमनगर व देवनगर मंडलो का दौराकर शक्तिकेन्द्र प्रभारियों, संयोजक- सहसंयोजक,बूथ अध्यक्ष, सचिव बीएलए2, महिला एव युवा प्रमुखों की बैठक लेकर मतदान केन्द्र की समितियों का सत्यापन कर कामकाज की समीक्षा की।प्रेमनगर विधानसभा प्रभारी के रुप मे नियुक्त होने के बाद रामेश्वर पाण्डेय लगातार सक्रिय हैं तथा शक्तिकेन्द्र प्रवास योजना के तहत विभिन्न मतदान केन्द्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इस क्रम देवनगर मंडल के शक्तिकेन्द्र कृष्णपुर ,उमेशपुर, कमलपुर, पोड़ी, तेजपुर गोविंदपुर की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भूलन सिंह, मंडल प्रभारी शशि तिवारी, सहप्रभारी अजय श्याम,अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशल सिंह, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी,मंडल अध्यक्ष रामशिरोमणि साहू, जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता,विजय राजवाड़े,महामंत्री द्वय अशोक यादव ,हेमदास मिश्रा,नागेश्वर तिवारी, मुकेश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, ललन सिंह, कमलेश्वर सिंह, राजेश साहू ,दौलत सिंह,हरि यादव ,अमर ज्योति, प्रमोद जायसवाल, अनंजय देवांगन,विष्णु साहू,ललित साहू सहित बड़ी संख्या मे भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहें।



# रोगियों का विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में हुआ निःशुल्क उपचार

- संवाददाता -
वाड्रफनगर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संचालक आयुष रायपुर एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशानुसार वाड्रफनगर विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एल एस लोधी के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता मेला का आयोजन किया गया जिसमें 458 रोगियों का निशुल्क उपचार हुआ वही इस शिविर से आम जनों में खासा उत्साह देखने को मिला एवं होम्योपैथिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार कराने में रोगियों को काफी सहूलियत मिल रही है गौरतलब करने वाली बात यह है कि होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने में एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति की अपेक्षा कम खर्च एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक लाभ मिलता है वही इस पद्धति से साइड इफेक्ट बहुत कम देखने को मिलता है यही कारण है कि ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों ने भाग लेकर अपने रोग का निःशुल्क उपचार कराया एवं दवाइयों को प्राप्त की डॉक्टर लोधी ने होम्योपैथिक चिकित्सा को लेकर लोगों में जागरूकता एवं इस पद्धति से अधिक से अधिक उपचार कराने की सलाह देते हुए इसके कई फायदे को रोगियों को बताया , डॉक्टर लोधी ने कई गंभीर बीमारियों का जिक्र करते हुए इसके उपचार में होम्योपैथिक चिकित्सा को कारगर एवं लाभकारी बताया है । इसके पश्चात् डॉक्टर अलोक यादव ने सभी के दिनचर्या के बारे में बताते हुए सही तरीके से उचित मात्र में आहार एवं जल सबंधित ग्रहण करने की जानकरी दिए जिससे लोग निरोग बने रहेंगे ।



वही डॉक्टर एम पी त्रिपाठी ने आम आदमी के भोजन करने के तरीके एवं सयमित खानपान के बारे में अवगत करते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा संबंधित जानकारी दिए और फायदे बताए ।

इसके बाद आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक के विशेष चिकित्सकों के द्वारा सभी प्रकार की बीमारियों का जांच एवं उपचार किया गया तथा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। मुख्यतः चर्मरोग, गठिया, बातरोग, पाइल्स, फिसर, मस्सा, एलर्जी, उदर रोग, स्त्री रोग आदि बीमारियों का उपचार हुआ ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर के उपाध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव ने फीता काटकर किये , इस दौरान वाड्रफनगर के जनप्रतिनिधि गण में माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड के सदस्य जय प्रकास जायसवाल , मदरसा बोर्ड के सदस्य खलील अहमद , वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोपिशरण कुशवाहा , पूर्व सरपंच एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास , जनभागीदारी अध्यक्ष एवं पार्षद शिवशंकर यादव , वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीपी यादव ,सांसद प्रतिनिधि धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक में आयुष स्वास्थ्य मेला के प्रभारी डॉ एच एल लोधी के साथ डॉ एम पी त्रिपाठी , डॉ अलोक यादव , डॉ आशुतोष पाण्डेय , डॉ धनंजय गुप्ता , डॉ मंजूषा कुशवाहा , विशेष आतिथ्य में डॉ आर पी सिंह भी उपस्थित रहे एवं सभी विभागों के चिकित्सक और उनके सहयोगी सामिल होकर सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के पश्चयात कार्यक्रम का संचालन किए जिसमें सभी जनप्रतिनिधिगण अपना अनुभव साझा किए ऐसे स्वास्थ्य मेला आयोजक टीम का धन्यवाद ज्ञापित किए । इसके साथ इस कार्यक्रम में क्षेत्र के रोगी व आम नागरिक उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य प्रशिक्षण कराकर स्वास्थ्य लाभ लिए ।

CMYK

# बैकुंठपुर के पूर्व नपाअध्यक्ष क्या 2023 में कांग्रेस के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं?

**बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अशोक जायसवाल को मिली ख्याति**

- दिग्गज कांग्रेसियों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल है शुमार।
- कांग्रेस सेवादल से की थी राजनीति की शुरुआत, साल 1985 से कांग्रेस पार्टी के लिए कर रहें हैं काम।
- भक्ति में काफी रुचि इस वजह से समय-समय पर भागवत कथा का आयोजन भी कराते हैं अशोक जायसवाल।
- एलएलबी तक योग्यता ग्रहण कर अशोक जायसवाल ने व्यवसाय में आजमाया हांथ,रहे सफल।
- अपने ही गांव के उपसरपंच निर्वाचित हुए थे पहली बार,बैकुंठपुर विकासखण्ड के मनसुख में है पैतृक निवास।

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 21 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनसुख में 1966 में जन्मे अशोक जायसवाल के राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस सेवा दल से 1985 में हुई थी, 2003 में अपने गृह ग्राम से उपसरपंच निर्वाचित हुए, उस समय तक अशोक जायसवाल की राजनीति उतनी ख्याति नहीं बटोर सकी थी और अर्थ आभाव की वजह से भी वह राजनीतिक रूप से पीछे रह जा रहे थे लेकिन यदि वर्तमान की बात की जाए तो वह एक बड़े ठेकेदार हैं और इनकी ठेकेदारी भी खूब चलती है अचानक स्व डॉक्टर रामचन्द्र सिंहदेव (कोरिया कुमार) के रहते हुए उनके आशीर्वाद से इन्हें 2015 में नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी चुना गया और यह कोरिया कुमार के आशीर्वाद को भुनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भी चुने गए इन्होंने इस अवसर को बड़ी अच्छी तरह से भुनाया और वही से इनकी राजनीतिक ख्याति में एक बड़ा उछाल आया आज यह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष से लेकर विधायक के दावेदारी के दौर में भी आ चुके हैं।

2023 चुनाव को लेकर अभी से सरगर्मी तेज हो चुकी है और डैमेज कंट्रोल करने की भी कवायद शुरू हो चुकी है, ऐसे में जब भी 2023 विधानसभा में विधायक प्रत्याशियों की बात होगी तो उसमें सीटिंग एमएलए तो होंगी उसके अलावा भी कई चेहरे हो सकते हैं, जिसमें से एक चेहरा क्या स्वच्छ व बेदाग छवि वाला पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल का भी हो सकता है? 2023 के लिए यदि सिटिंग एमएलए का टिकट कटता है तो स्वच्छ चेहरा खोजा जाएगा तो शायद अशोक जायसवाल का हो सकता है और पार्टी दांव खेल सकती हैं पर उसके अलावा भी दो बार विधानसभा लड़ चुके वेदांती तिवारी भी इस दौड़ में रहेंगे।



### सरल व सहज के साथ मिलनसार भी हैं अशोक जायसवाल

अशोक जायसवाल सरल सहज और मिलनसार स्वभाव के हैं और उनके व्यवहार से सभी को खुश देखा जाता है।अशोक जायसवाल जब कभी भी किसी से मिलते हैं बड़ी आत्मीयता से मिलते हैं और आत्मीयता के साथ वह उनके समस्याओं को भी सुनते हैं और उसके निराकरण का भी प्रयास करते हैं। अशोक जायसवाल हमेशा लोगों से जुड़ाव रखने वाले व्यक्ति हैं और उनकी यही खूबी लोगों को पंसद है।

### पिछड़े वर्ग से आते हैं अशोक जायसवाल, पिछड़ा वर्ग समाज मे भी है अच्छी पकड़

अशोक जायसवाल पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं और उनका पिछड़ा वर्ग समाज मे काफी अच्छी पकड़ भी है। विधानसभा स्तर पर यदि बात की जाए तो पिछड़ा वर्ग समाज चुनाव में निर्णायक भी है। यदि विधानसभा चुनाव के नजरिए से देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी से टिकट के यह प्रबल दावेदार भी हैं क्योंकि इनकी समाजिक उपस्थिति लगातार बरकरार है।

### कांग्रेस के लिए इनके मन में है अपार श्रद्धा

अशोक जायसवाल कांग्रेस पार्टी के उन नेताओं में शुमार हैं जिनके मन मे और जिनके आचरण में कांग्रेस पार्टी के लिए सच्ची श्रद्धा नजर आती है।

सदैव कांग्रेस पार्टी को लेकर इनके मन में एक आदर भाव नजर आता है और वह कहते भी सुने जाते हैं कि पार्टी की रीति नीति हर घर घर तक पहुँचे और पार्टी का झंडा घर घर तक लहराए पार्टी की विचारधारा से सभी जुड़े यही उनका लक्ष्य है।

### राजनीतिक पृष्ठभूमि

कांग्रेस सेवा दल- सक्रिय सदस्य वर्ष 1985 पंच- ग्राम पंचायत मनसुख वर्ष 1998, उप सरपंच- ग्राम पंचायत मनसुख वर्ष 1998 जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर ब्लाक अध्यक्ष- ब्लाक कांग्रेस कमेटी बैकुण्ठपुर वर्ष 2005 से 2009 तक, कोषाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक बैकुण्ठपुर वर्ष 2010 से 2014 तक, ब्लाक अध्यक्ष- अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बैकुण्ठपुर वर्ष 2012 से 2016 तक प्रदेश महामंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग रायपुर (छ.ग.) वर्ग 2016-19 तक, नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.), कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) वर्ष 2021 से अब तक विशेष आमंत्रित सदस्य- 10 बैकुण्ठपुर जिला कांग्रेस कमेटी, जिला कोरिया (छ.ग.) वर्ष 2016 से अब तक।

### कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारिया एवं निर्वहन

वर्ष 1993 से 2018 तक विधानसभा चुनाव में 21 पोलिंग बुथ सलका से लेकर बंजारीडांड़एवं सोंस तक की जिम्मेदारी इनको मिलती है एवं सभी 21 पोलिंग बूथ पर हमेशा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को बढ़त दिलाया और साथ ही लगभग 1000 से 3000 तक के मतों से हमेशा हर पोलिंग बुथों पर बढ़त रहा है। वर्ष 1994 से वर्ष 2019 तक लोकसभा चुनाव में 21 पोलिंग बुथ सलका से लेकर बंजारीडांड सोंस तक की जिम्मेदारी पार्टी के द्वारा मिलता है एवं इन्होंने अपनी 21 पोलिंग बूथों पर पार्टी का कार्य किया एवं हमेशा पार्टी के प्रत्याशी को यथासंभव बढ़त दिलाने का कार्य किया है। वर्ष 2016 से वर्ष 2021 तक बैकुण्ठपुर नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों में पार्टी के दायित्वों का निर्वहन एवं पार्टी द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों का निवर्हन सहजता पूर्वक करते रहे हैं ।

### सामाजिक एवं धार्मिक कार्य

ग्राम जलियाडांड ग्राम पंचायत जलियाडांड जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में हनुमान मंदिर का निर्माण वर्ष 2005 में माननीय स्व. श्री रामचंद्र सिंहदेव जी के द्वारा लोकार्पित वर्ष 2005 में ग्राम ओदारी ग्राम पंचायत ओदारी, जनपद पंचायत सोनहत, जिला-कोरिया छ.ग. में राम मंदिर का निर्माण वर्ष 2017 में, माननीय स्व. श्री रामचंद्र सिंहदेव जी के द्वारा लोकार्पित वर्ष 2017 मे विधान सभा क्षेत्र बैकुण्ठपुर के सभी निर्माणाधीन मंदिरों के निर्माण कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी व सहयोग, विधान सभा क्षेत्र बैकुण्ठपुर के सभी भागवत, रामकथा में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी व सहयोग, बैकुण्ठपुर जिला मुख्यालय में, सभी सामाजिक कार्यक्रमों में आर्थिक सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहा। वर्ष 2004 से वर्ष 2010 तक जब तक बीजेपी का शासन प्रदेश में रहा मेरे द्वारा पार्टी के जिम्मेदारियों के निर्देशानुसार हमेशा जन- धन का सहयोग प्रदान करता रहा, कांग्रेस भवन (राजीव भवन) जो बैकुण्ठपुर के घड़ी चौक में स्थित है उक्त भवन का निर्माण मैं स्वयं पार्टी के निर्देशों पर बहुत ही कम समय में कराया गया क्योंकि वह एक सिविल ठेकेदार हैं।

### सांस्कृति एवं खेल

बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत हमेशा सांस्कृति कार्यक्रमों के आयोजन में आर्थिक सहयोग एवं उपस्थिति दर्ज कराया। बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत हो रहे खेल टूर्नामेंटों में हमेशा संगठनों को आर्थिक सहयोग एवं उपस्थित दर्ज कराया। सामाजिक कार्यक्रमों एवं सभी कार्यों में शादी विवाह एवं अन्य समारोह हेतु पानी टैंकर निःशुल्क जहां भी जरूरत हुई वहां अभी भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कभी स्व डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव का मिला साथ,अब विधानसभा अध्यक्ष का है इनके कंधे पर हांथ

अशोक जायसवाल को उनकी राजनीति के शुरुआती दौर में कोरिया कुमार डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव का साथ मिला और वह नगरपालिका अध्यक्ष पद तक का सफर तय कर सके वहीं अब उन्हें विधानसभा अध्यक्ष का अपने कंधे पर हांथ मिल रहा है और वह राजनीति में ऊंची उड़ान भरने तैयार हैं। अशोक जायसवाल बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी बतौर भी किस्मत आजमाने की कोशिश में हैं और उनकी लोकप्रियता और सहजता और सरलता साथ ही उनकी पार्टी के अंदर छवि को देखते हुए यह असंभव भी नहीं कहा जा सकता,वैसे अशोक जायसवाल को टिकट मिलने की स्थिति में कांग्रेस की स्थिति बैकुंठपुर विधानसभा में मजबूत होगी और जीत भी सुनिश्चित होगी ऐसा पार्टी के अंदर ही लोगों का भी कहना है।

## जिले में ईडी की धमक से प्रशासनिक तंत्र में मचा हड़कंप

- पृथ्वीलाल केशरी -
रामानुजगंज 21 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

जिला मुख्यालय बलरामपुर में ईडी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी है। जैसे ही इसकी खबर प्रशासनिक तंत्र को लगा वैसे ही पूरे को जैसे सांप सुंग गया आज पूरे विभाग में सन्नाटा का माहौल देखने को मिला अभी भी पूरा सन्नाटा पसरा हुआ है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी अवधेश बारी से बंद कमरे में पूछताछ चल रही है। कलेक्टर कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। जिले में पदस्थ खनिज विभाग के प्रभारी अधिकारी इससे पहले में रायगढ़ में पदस्थ थे अवधेश बारीक के कई ठिकानों समेत रायगढ़ खनिज विभाग के दफ्तर में ईडी की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए सहायक खनिज अधिकारी अवधेश बारीक को नोटिस जारी कर तलब किया था। उपस्थित नहीं होने पर आज दोपहर ईडीसी 3 सदस्य टीम ने खनिज विभाग के कार्यालय में दबिश दी और जिले के प्रभारी खनिज अधिकारी अवधेश बारीकी से बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी।




**जिला सहायक खनिज अधिकारी से बंद कमरे में हो रही पूछताछ**

## नेता प्रतिपक्ष का आरोपःनिगम के जिम्मेदार अफसर विकास कार्यों के प्रस्तावों पर नहीं कर रहे अमल

- संवाददाता -
कोरबा, 21 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

कोरबा निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। निगम के अफसरों को भी घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विकास कार्यों के प्रस्तावों पर निगम के जिम्मेदार अफसर अमल नहीं कर रहे। वार्डों में विकास कार्य ठप पड़ा है। निगम में कमीशनखोरी का बोलबाला है। हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में विपक्षी दल भाजपा के 30 पार्षदों ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर निगम के साकेत भवन पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा । मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। प्रमुख मांगों में सामान्य सभा की बैठक समय पर कराने, राजस्व मंत्री निधि से 20-20 लाख रुपए के विकास कार्य हर वार्ड में कराने की घोषणा पर अमल करने, जोन समितियों का गठन कर पदाधिकारियों व सदस्यों का चुनाव, सार्वजनिक व निजी औद्योगिक संस्थानों के खाली जमीन पर बसे लोगों को आबादी पट्टा देने, वार्डों में अधूरा छोड़कर रखे विकास कार्यों को पूरा करने कि मांगे शामिल है। पार्षदों का कहना है कि नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक 2 महीने में एक बार होनी चाहिए। लेकिन सामान्य सभा नहीं कराए जाने से प्रश्न पूछने से वंचित रहने से यह निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अधिकार का हनन है।



## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने कोरिया कृषि महाविद्यालय का किया भ्रमण



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

इं गां कृ वि.वि रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, मा. कुलपति के तकनीकी अधिकारी डॉ. बी. पी. कतलम, डॉ.विकास सिंह प्रभारी एआईसीआरपी अरहर, डॉ. आर. बी. तिवारी अधिष्ठाता, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अंबिकापुर, डॉ.संदीप शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, मैंनपाट , डॉ. वी. एन.गौतम वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र बलरामपुर, डॉ. के.सी. राजहंस, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, कोरिया के द्वारा स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कोरिया का अवलोकन किया गया, कुलपति के द्वारा भाषा प्रयोगशाला और भंडार गृह एव ग्रेडर मशीन का शुभारंभ किया गया, कुलपति ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्र जीवन मे नवाचार का कितना विशेष महत्व है, इस विषय पर प्रकाश डाला और बताया कि इसे सुव्यवस्थित तरीके से अपने जीवन में लागू करके हम अपने उद्देश्य और लक्ष्य को किस तरह आसानी से प्राप्ति कर सकते हैं, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, इस कार्यक्रम में डॉ. डी.के.गुप्ता अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कोरिया के साथ साथ, सभी प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हिंदू सभा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को श्री राम मंदिर मैदान सम्पन



- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 21 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

हिंदू सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार की शाम श्री राम मंदिर मैदान में आहूत की गई। बैठक में सभी समाजों के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ हुआ। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों व सभा के विस्तार के संबंध में चर्चा की गई ।बैठक में हिंदू सभा की महिला समिति का गठन करने, सभी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा करने की बात की गई। इसके अलावा मंगलवार 22 नवंबर को एक ज्ञापन एसडीएम मनेंद्रगढ़ व पुलिस अधीक्षक एमसीबी को सौंपने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त ज्ञापन नगर में सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम मांस मटन की बिक्री पर रोक लगाने तथा शहर के उन तालाबों जिनके आसपास व घाट में मांस, मछली का विक्रय किया जा रहा है उस पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही साथ सभा की आगामी बैठक 4 दिसंबर रविवार को श्री राम मंदिर मैदान में करने का निर्णय लिया गया ।इस बैठक में सभा के गठन व कार्य विस्तार के संबंध में चर्चा की जाएगी ।हिंदू सभा की बैठक में सुदर्शन अग्रवाल, रामचरित द्विवेदी, दिनेश्वर मिश्रा, जयचंद बोथरा, अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता, शैलेश जैन, सुशील सोनी, आशीष मजूमदार, संदीप दुआ, रामचंद्र अग्रवाल, अशोक केसरवानी सिविल लाइन, सुरेश अग्रवाल,राजेंद्र कुमार जैन,आकाश त्रिपाठी, सुशील कुमार सोनी, विनीत जयसवाल, संजय गुप्ता हजारी होटल, पदम सिंघल, चंद्रशेखर पटेल, हरि शंकर पांडे, मनोज अग्रवाल मेडिकल, संतोष मिश्रा, शिव कुमार केवट, संजय गुप्ता,विकास गोयल समेत अन्य जन काफी संख्या में मौजूद रहे।हिंदू सभा की बैठक का समापन श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ।

## कलेक्टर ध्रुव ने निर्माणाधीन छात्रावासों का किया मुआयना

**निर्माण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश**

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,
21 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।





कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने रविवार को खड़गवां विकासखण्ड के देवाडांड, भरतपुर ब्लाक के बहरासी में निर्माणाधीन छात्रावास तथा मनेन्द्रगढ़, ग्राम बंजी एवं जनकपुर में छात्रावास जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का मुआयना किया। कलेक्टर ने छात्रावासों के निर्माण एवं उन्नयन कार्य में गुणवत्ता का विशेष रूप ध्यान रखने के साथ ही सभी कामों को समय-सीमा में पूरा कराए जाने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्री डी.डी तिग्गा को निर्माण कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग करने को कहा।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने देवाडांड में एक करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन प्री-मीट्रिक कन्या छात्रावास तथा बहरासी में एक करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन छात्रावास का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने उपयोग लाई जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मानक के अनुसार छड़, गिट्टी, सीमेंट, रेत आदि का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर इसके पश्चात मनेन्द्रगढ, ग्राम बंजी तथा जनकपुर में छात्रावास जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य का मुआयना किया। उक्त सभी स्थानों पर छात्रावास उन्नयन का कार्य मुख्यमंत्री आदर्श छात्रावास के रूप में 25-25 लाख रूपए की लागत से किया जा रहा है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कुल 56 आश्रम छात्रावास संचालित है। बीते साल 7 छात्रावासों को जीर्णोद्धार कराया गया था। वर्तमान में 9 छात्रावास के उन्नयन की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिनके उन्नयन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

## सर्व यादव समाज की सामाजिक बैठक सम्पन

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

सर्व यादव समाज की समाज सामाजिक बैठक 21 नवंबर 2022 सोमवार को दोपहर 12:00 बजे से नदी पार नजदीक गुजराती समाज भवन में आहूत की गई है। सामाजिक बैठक में जिले का विस्तार समेत अन्य कई कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जाएगी।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष सरजू यादव ने बताया कि समाज की इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदू ,युवा यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ,महिला यादव समाज की प्रदेश अध्यक्ष सरिता यादव, समाज के संभागीय अध्यक्ष देव नारायण यादव समेत जिले भर के महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने कहा कि सभी समाज के लोगों के साथ मिलजुल कर रहने से ही समाज के लोग विकास कर सकते हैं। हम लोग कृष्ण के समाज से है और कृष्ण के वंशज होने की वजह से सभी में भाईचारे से ही प्रगति की नींव रखी जाएगी। संगठन के जिलाध्यक्ष ने जिले के समस्त सजातीय बंधुओं, बहनों से उपरोक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# मनेद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से शराब का बडा जखीरा पोड़ी बचरा क्षेत्र में पकड़ा गया

» अवैध शराब का कारोबार करने वाले 4 शराब तस्कर गिरफ्तार

» पुलिस अधीक्षक की कड़ाई का दिख रहा असर

- संवाददाता -
खडगवा, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन की शिकायत पुलिस अधीक्षक होने के बाद इस बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त टीम तैयार कर कार्यवाही करते हुए 4 शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। आरोपियों के कब्जे से लाखों रूपये की अवैध शराब जप्त की गई है और साथ मे परिवहन करने में उपयोग किये गये बोलेरो वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।

मनेद्रगढ चिरमिरी भरतपुर जिला मध्य प्रदेश बार्डर से लगा हुआ है मध्य प्रदेश से अवैध अग्रेजी शराब एमसीबी जिले मे शराब माफियो द्वारा चोरी छिपे प्रवेश कर शराब परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक एमसीबी टी. आर. कोशिमा द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री के खिलाफ कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया के मार्ग दर्शन मे विगत रात एक विशेष टीम गठित कर राकेश कुर्रे एसडीओपी मनेन्द्रगढ, पी.पी. सिह सीएसपी चिरमिरी, सचिन सिह थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ, विजय सिह थाना प्रभारी खडगवां तथा उनके टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश से आने वाले रास्ते मे नाकेबंदी कर शराब तस्करो के अडडो पर छापेमारी की गई।



मुखबिर की सूचना पर गठित टीम के द्वारा ग्राम कोटेया माझापारा के आरोपी रामदीन पिता रामसुन्दर गोंड के घर से अंग्रेजी गोवा शराब 9 पेटी एवं आरोपी संतोष साहु पिता शिव प्रसाद साहू निवासी बचरा पोडी, आरोपी अजय साहु पिता मनोरथ साहू निवासी बचरा के कब्जे से कुल 25 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब तथा ग्राम चोपन पटेलपारा के आरोपी विजय सिंह पिता धनीराम के कब्जे से 1 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब बरामद किया गया। सभी आरोपियो से कुल अंग्रेजी गोवा शराब 35 पेटी प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव कुल 1750 पाव कुल 315 लीटर अंग्रेजी गोवा शराब कीमत लगभग 187250 /- रूपये एवं अवैध शराब परिवहन करने में उपयोग किया गया वाहन बोलेरो कमाक सी.जी. 11 बी.सी 2037 कीमत लगभग 700000/- रूपये कुल रकम 887250/- रूपये बरामद कर जप्ती कार्यवाही किया गया। सभी आरोपियो को अपराध धारा 34(2), 46,59 (क) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया गया है।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ सचिन सिंह, थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि ओमप्रकाश जायसवाल, सउनि राम बाबू दोहरे, सउनि ओम प्रकाश दुबे, प्रधान आरक्षक इशितयाक खान, संजय पाण्डेय सायबर सेल से आरक्षक पुष्कल सिन्हा एवं प्रिंस राय खडगवा से सुरेश तिग्गा, हरीश शर्मा, अनिल यादव, राम किशुन सिंह, महेन्द्र तिवारी, रवि शर्मा, मो. आजाद, धमेन्द्र पटेल, बुधवार सिह, विनोद सिह, दिनेश साहू, कन्हैया, थाना मनेन्द्रगढ से आरक्षक प्रमोद यादव, जितेन्द्र ठाकुर, राकेश शर्मा, शम्भु यादव, चन्द्रभुषण चौहान, सैनिक प्रमोद साहु

विनय श्याम का सराहनीय योगदान रहा।

# लुण्ड्रा विधायक के पहल पर 9 ग्रामों के किसानों को नए धान उपार्जन केंद्र की मिली सौगात

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने नवीन धान उपार्जन केंद्र का किया शुभारंभ

- संवाददाता -
लखनपुर , 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



लखनपुर विकासखंड के ग्राम लोसगा सप्ताहिक बाजार के समीप आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुन्नी की ओर से नवीन धान उपार्जन केंद्र का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक व सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, जिला पंचायत मंत्री प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष लखनपुर मोनिका सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र पांडे, गप्पू खान, जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक कमलनयन पांडे मौजूद रहे। 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव किसान व ग्रामीण जनों के द्वारा अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों लुण्ड्रा विधायक सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम के द्वारा विधिवत नए धान उपार्जन केंद्र लोसंगा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक ने जन समूह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना के संबंध में जानकारी दी उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार किसे किसान हितैषी सरकार है। वर्तमान वर्ष में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। सुगंधित धान लगाने प्लांटेंस करने सहित अन्य फसलों के उत्पादन पर प्रति एकड़ ?10000 प्रोत्साहन राशि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से किसानों को दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही आने वाले वर्ष 2023 में लगभग 2800 रूपए प्रति क्विटंल की धान की खरीदी की जाएगी। गौरतलब है कि विगत वर्षों से 9 ग्रामों के जनप्रतिनिधियों और किसानों द्वारा समितियों में धान बिक्री करने हो रही परेशानी तथा नए धान उपार्जन केंद्र खोले जाने को लेकर लगातार लुण्ड्रा विधायकों सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम से मांग की जा रही थी। लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से किसानों को हो रही परेशानी तथा नए धान उपार्जन केंद्र खोले जाने को लेकर विधिवत पहल की गई। लुण्ड्रा विधायक के पहल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के द्वारा ग्राम लोसंगा में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की जिसके उपरांत विगत दिनों पूर्व धान उपार्जन केंद्र खोले जाने को लेकर स्थल का चयन करते हुए सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लुण्ड्रा विधायक व सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान नव गांव के सरपंच सचिव किसानों और ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉ प्रीतम राम खाद्य मंत्री अमरजीत भगत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच हरि लकड़ा, प्रमोद सिंह, दिनेश राम, अन्य ग्रामों के सरपंच सचिव किसान व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# कृषि विभाग खड़गवां द्वारा लघु धान्य फसलों(कोदो,कुटकी,रागी) के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन



- संवाददाता -
खडगवा, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आज दिनांक 20/11/2022 को सामुदायिक भवन खड़गवां में माननीय कलेक्टर श्री पी. एस ध्रुव जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की अध्यक्षता एवं उप संचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय लघु धान्य फसलों जैसे कोदो,कुटकी,रागी को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जैविक खेती को बढ़ावा देने , लघु धान्य फसलों की खेती करने से होने वाले लाभ के बारे में, और कोदो,कुटकी,रागी से बनने वाले उत्पाद जैसे बिस्किट, नमकीन इत्यादि उत्पादों और उसमे पाए जाने वाले पोषक तत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, जिसमे मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र कोरिया से विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री हरिशंकर पैकरा , कृषि विभाग खड़गवां से श्री नीरज जयसवाल( वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी), श्रीमती मेहनाज अंसारी( कृषि विकास अधिकारी )एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. एस. सिंह, सर्व आदिवासी समाज के (जिला अध्यक्ष श्री शरण सिंह),(ब्लॉक अध्यक्ष श्री सूर्यप्रताप सिंह), उद्योग विभाग से जिला महाप्रबंधक, मध्य प्रदेश के जिला डिंडोरी से आए महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रेखा पेंड्राम एवं उनके पदाधिकारी, श्रीमती लक्ष्मी अगरिया( सरपंच ), श्री अशोक श्रीवास्तव( सांसद प्रतिनिधि ), श्री प्रेमलाल सिंह( विधायक प्रतिनिधि ), श्री ओंकार पाण्डेय( वरिष्ठ कांग्रेसी ), एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ साथ विकासखंड के अलग-अलग ग्रामों से आये कृषकगण उपस्थित रहे ।

# ज्ञानयज्ञ परिवार का महायज्ञ को सफल बनाने हेतु बैठक संपन्न





- संवाददाता -
रामानुजगंज 21 नवंबर 2022 (घटती घटना)

शराफत से समझदारी की ओर रास्ता तय करने वाला ज्ञानयज्ञ परिवार अगले वर्ष फरवरी माह में महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के तातापानी गर्म जल स्त्रोत स्थल पर कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का आयोजन करने जा रहा है इसी कड़ी में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी श्रीकांत सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अगले वर्ष 18 फरवरी 2023 को चार दिवसीय ज्ञानयज्ञ परिवार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलश यात्रा के साथ वैदिक रीति रिवाज के साथ यज्ञ का अनुष्ठान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में तिरालिस गांव के प्रतिनिधियों के साथ ग्रामवासी शामिल होंगे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मोहन गुप्ता एवं प्रमोद केसरी की अध्यक्षता में तातापानी शिव प्रांगण मंदिर में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें उपस्थित जनों को जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में खितिश कुशवाहा,शंकर सिंह,ननकु राम,राजेश प्रजापति,शुभेन्द्र महापात्रा,बजरंगलाल गुप्ता,ज्ञानेन्द्र आर्य,रामराज,सुनील विश्वास,मंगल प्रसाद सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

**विशाल कार्यक्रम में इन्हें किया गया शामिल**

18 फरवरी 2023 से लेकर 23 फरवरी 2023 तक विशाल महायज्ञ में भव्य कलश यात्रा के साथ साथ छोटे बच्चों का नृत्य,गायन,वादन प्रतियोगिता भी शामिल किया गया हैं।

# किसान जोड़ो सम्मान यात्रा पहुंचा लखनपुर कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

## किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू किसान सम्मेलन में हुए शामिल

- संवाददाता -
लखनपुर, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू ने बस्तर संभाग में माता दंतेश्वरी मंदिर से पूजा अर्चना कर किसान जोड़ो सम्मान यात्रा की शुरुआत की यह यात्रा बस्तर से प्रारंभ होकर किसान जोड़ो सम्मान यात्रा सरगुजा जिले के लखनपुर पहुंचा जहां किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव के नेतृत्व कांग्रेसियों ने जोरदार किसान जोड़ों सम्मान यात्रा का स्वागत किया। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम रजपुरी कला स्कूल मैदान में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस किसान सम्मेलन में अतिथि के रुप में किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंश प्रताप सिंह देव, प्रदेश महामंत्री विमलेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता, किसान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव, किसान कांग्रेस जिला महामंत्री सत्येंद्र राय, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जगरोपरन यादव, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, श्याम लाल यादव अशफाक खान राम सुजान दिवेदी अमित बारी मकसूद हुसैन रमजान खान फिरदोस खान सहित अन्य किसान कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रामबिलास साहू ने उपस्थित किसानों को गमछा तथा फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया साथ ही सैला पार्टी, करमा नृत्य ,सुआ नृत्य, अन्य नर्तक दलों को सम्मानित किया है तुम्हें किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू ने जन समूह को संबोधित करते हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसान हितैषी सरकार है। जो किसानों के लिए सोचती है। किसान जोड़ो सम्मान यात्रा के माध्यम से किसानों से मुलाकात करते हुए उनके साथ बैठ कर उनकी समस्याएं सुनते हैं और निराकरण करने का प्रयास किया जाता है गांव मोहल्ले तक छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य भी किया जाता है। हर जाति हर धर्म के किसानों को सम्मान करने किसान जोड़ो सम्मान यात्रा निकाली गई है। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राम विलास साहू ने मीडिया से चर्चा के दौरान आरोप लगाते हुऐ कहा की भाजपा नेता किसी का भला नहीं करते समाज को जोड़ने का कार्य नही करते जाति और धर्म के नाम पर लड़ाने का कार्य करते हैं कहीं भी कोई विकास का कार्य नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के मुख्या द्वारा पूरे भारतवर्ष में विकास की गति को देते हुए स्कूल हॉस्पिटल एयरपोर्ट बनाया गया । कुछ उद्योगपतियों को लाभ दिलाने के लिए भाजपा नेताओं के द्वारा उसे बेचने का कार्य किया जा रहा है। सभी जाति धर्म के लोगों को संगठित करने किसान जोड़ों सम्मान यात्रा निकाली गई है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका सिंह पैकरा, किसान कांग्रेस प्रवक्ता मुन्ना पांडे , सचिव संघ प्रदेश महामंत्री उपेंद्र सिंह पैकरा सचिव संघ जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता कृष्णा यादव रामकुमार यादव ,शराफत अली, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजाराम चौधरी, कपिल दास नारायण सिंह, धनीराम, अंजय बरखा, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व ग्रामीण जन मौजूद रहे.

# तस्वीर देख कर कह सकते की सामरी पाठ क्षेत्र में अब पड़ने लगी है कंप-कपाने वाली सर्दी



- संवाददाता -
कुसमी, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के सामरी कुसमी पहाड़ी क्षेत्रों में पड़ने लगी है कड़ाके की ठंढ लोग ठंढ से बचने के लिये गर्म कपड़े के इस्तेमाल के साथ साथ आग जलाकर ठंढ से बचने का काम कर रहे है,गौरतलब है कि सामरी कुसमी क्षेत्र में हर वर्ष अन्य जगहों की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही ठंढ पड़ता है धीरे धीरे पर्यावरण में भले ही बदलाव हो रहा है इस वजह से पहले के जैसा ठंढ सहित अन्य मौसम में बदलाव तो हुआ ही है लेकिन फिर भी यहाँ की ठंढ लोगो को कंपकपाने पर मजबुर कर देती है, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह के साथ आग तापते हुये लोगो की यह तस्वीर सामरीपाठ के जलजली ग्राम की है जहाँ पर शाम होने के बाद लोग ठंढ से बचने के लिये आग जलाकर तापते हुये सभी नजर आ रहे है,वही कुसमी में भी लोग शाम होने के बाद अपने- अपने घरों और दुकानों के सामने आग जलाकर ठंढ से बचाव कर रहे है,बहरहाल इस क्षेत्र में ठंढ तो काफी पड़ती है और ठंढ के साथ पाले भी गिरते है अब आगे आने वाले समय मे देखना होगा कि इस बार का ठंढ कैसा पड़ता है।

# बालको पुलिस ने 80 लीटर कच्ची शराब बरामदी के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 21 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा जिले में निजात अभियान चलाया जा रहा है द्व इसी नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत मनीष नागर बालको थाना प्रभारी क्षेत्र अंतर्गत बालकों जाम बाहर गैस गोदाम के पास रोड किनारे गांव में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । जो अवैध कच्ची शराब को बेच रहा था। इसकी जानकारी बालको पुलिस को मिलते ही बालको पुलिस तुरंत जाम बाहर पहुंची और तत्काल पुलिस ने कच्ची शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार।




**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बप्पी राय चौधरी स्व0 निखिल राय चौधरी निवासी शिवधारी कालोनी,थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (बुआ) स्व कानब तिवारी पति स्व0 रामवृक्ष तिवारी मृत्यु की दिनांक 04/05/1916 को स्थान में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण -पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय -सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# तमिलनाडु के जगदीशन ने बनाया 141 गेंद में 277 रन

## लिस्ट ए में बनाया सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड




**नई दिली,21 नवम्बर 2022।** तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ 141 गेंद में 277 रन की पारी खेलकर लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। ग्रुप सी के इस मैच में तमिलनाडु ने 435 रन से जीत दर्ज की जो लिस्ट ए मुकाबले में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। सबसे बड़ी जीत का पिछला रिकॉर्ड समरसेट के नाम था जिसने 1990 में डेवोन को 346 रन से हराया था।

छब्बीस साल के जगदीशन ने 2002 में ग्लेमोर्गन के खिलाफ सरे के एलिस्टेयर ब्राउन के 268 रन के सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ा। जगदीशन ने इस पारी के दौरान भारत की ओर से सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को भी तोड़ा जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 264 रन बनाए थे। तमिलनाडु ने इस मैच में दो विकेट पर 506 रन बनाए जो पुरुष लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम था जिसने इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 498 रन बनाए थे। भारत में लिस्ट ए में पिछला सर्वाधिक टीम स्कोर मुंबई के नाम था जिसने 2021 में जयपुर में पुडुचेरी के खिलाफ चार विकेट पर 457 रन बनाए थे।

भारत के अनुभवी क्रिकेटर और तमिलनाडु टीम में जगदीशन के साथी दिनेश कार्तिक ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, ''विश्व रिकॉर्ड अलर्ट। जगदीशन का क्या शानदार प्रयास। उसके लिए बहुत खुश हूं। बड़ी चीजें इंतजार करती हैं। साई सुदर्शन के लिए भी मौजूदा टूर्नामेंट शानदार रहा। यह सलामी जोड़ी विरोधियों को ध्वस्त कर रही है। शानदार खेल दिखाया।'' दोनों टीम के बीच के स्तर के अंतर की ओर इशारा करते हुए कार्तिक ने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''साथ ही क्या यह समझदारी भरा है कि पूर्वोत्तर की टीमों को लीग चरण में ही एलीट टीमों से भिड़ाया जाए।

इससे टीमों के रन रेट में इजाफा होगा और कल्पना कीजिए कि इनमें से एक टीम के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाए। क्या उनके लिए अलग ग्रुप नहीं हो सकता और फिर वे क्वालीफाई करें।'' अरूणाचल उन नौ टीम में शामिल है जो 2018-19 से घरेलू सर्किट से जुड़े। जगदीशन ने अरूणाचल के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए रिकॉर्डों की झड़ी लगा दी। उन्होंने सिर्फ 114 गेंद में 200 रन के आंकड़े को छुआ और इस दौरान लिस्ट ए इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी की। ट्रेविस हेड ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के मार्श कप में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए क्वीन्सलैंड के खिलाफ 114 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था।

जगदीशन ने अपनी पारी में 15 छक्के मारे जिससे वह विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में सर्वाधिक छक्के मारे वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को पछाड़ा जिन्होंने 2019-20 सत्र में 203 रन की पारी के दौरान 12 छक्के मारे थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इसके साथ ही लगातार पांचवां लिस्ट ए शतक भी जड़ा जो नया रिकॉर्ड है। जगदीशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर के पृथ्वी साव (पुडुचेरी के खिलाफ 227 रन) के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ा। तमिलनाडु का यह विकेटकीपर बल्लेबाज भारत की शीर्ष एकदिवसीय प्रतियोगिता में दोहरा शतक जड़ने वाला छठा बल्लेबाज बना। जगदीशन ने बी साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए 416 रन जोड़े जो लिस्ट ए क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। सुदर्शन ने 102 गेंद में 19 चौकों और दो छक्कों की मदद से 154 रन बनाए।

पिछली सबसे बड़ी साझेदारी वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और मार्लन सैमुअल्स के बीच थी जिन्होंने 2015 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दूसरे विकेट के लिए 372 रन जोड़े थे। भारत के घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में पिछली सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड संजू सैमसन और सचिन बेबी के नाम था जिन्होंने 2019 में केरल की ओर से गोवा के खिलाफ खेलते हुए 338 रन की साझेदारी की थी। जगदीशन ने शनिवार को लगातार चौथे शतक के साथ लिस्ट ए क्रिकेट में लगातार सर्वाधिक शतक बनाने के मामले में कुमार संगकारा, अल्वीरो पीटरसन और देवदत्त पड्डिकल की बराबरी की थी। जगदीशन ने मौजूदा विजय हजारे टूर्नामेंट में सोमवार को अरूणाचल के खिलाफ 277 रन की पारी से पहले हरियाणा, छत्तीसगढ़, आंध्र और गोवा के खिलाफ भी शतक जड़े।

मौजूदा टूर्नामेंट में पांचवें शतक के साथ जगदीशन ने एक टूर्नामेंट में चार शतक जड़ने के पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, पृथ्वी साव और रुतुराज गायकवाड़ एक टूर्नामेंट के चार-चार शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। अगले महीने होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी से पहले जगदीशन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा है। इस बीच अरूणाचल के चेतन आनंद ने 10 ओवर में 114 रन लुटाए।

# फीफा विश्व कप 2022 के आयोजन के लिए कितने रुपये हुए हैं खर्च,अब तक का है सबसे महंगा और विवादित टूर्नामेंट

**कतर ,21 नवम्बर 2022।** फीफा विश्व कप 2022 का आयोजन कतर में सफल तरीके से किया जा रहा है। कतर में विश्व कप का आयोजन कुल 29 दिनों तक होगा। मगर इस 29 दिनों के सफल आयोजन के लिए कतर ने तैयारी 12 वर्ष पहले ही शुरू कर दी थी। इस विश्व कप के लिए होटल, स्मार्ट सिटी, एयरपोर्ट, मेट्रो लाइन और सबसे जरूरी स्टेडियमों का निर्माण किया गया है, जिसके लिए कतर को पूरे 12 वर्षों का समय लगा है।

विश्व कप में 32 टीमों के साथ टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन के लिए कतर में लगभग 100 से अधिक सुविधायुक्त होटलों का निर्माण किया गया है, जहां पर्यटक से लेकर टीमों के रुकने की व्यवस्था की गई है। खेलों के सफल आयोजन के लिए कतर में कुल सात नए स्टेडियमों का निर्माण बीते 12 वर्षों के दौरान किया गया है। वहीं इन सभी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य में बढ़ोतरी करने के लिए कतर ने काफी बड़ी राशि खर्च की है।




कतर ने की सबसे अधिक राशि खर्च जानकारी के मुताबिक कतर में हो रहा विश्व कप अब तक का सबसे अधिक महंगा विश्व कप है। अगर अब तक के सभी विश्व कप के आयोजन में खर्च हुई राशि को जोड़ दिया जाए तो कतर अकेले ही इस विश्व कप में इससे अधिक राशि खर्च कर चुका है। कतर ने इस विश्व कप के आयोजन के लिए कुल 17.9 लाख करोड़ रुपये खर्च किए है। कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुरी ने बताया कि फीफा के लिए हर सप्ताह 400 करोड़ की राशि खर्च हुई है। कतर में सात नए स्टेडियम बनाए गए और चार पुराने स्टेडियम का कायाकल्प किया गया। कतर में विश्व कप के सफल आयोजन के लिए 6500 से अधिक मजदूर भी यहां पहुंचे थे। आयोजन के दौरान इनकी भी मौत हुई है। बता दें कि ये मजदूर भारत और नेपाल जैसे देशों से कतर पैसा कमाने की इच्छा से पहुंचे थे।

### वर्ष 2010 में हुआ था मेजबानी का ऐलान

बता दें कि कतर को विश्व कप 2022 की मेजबानी वर्ष 2010 में सौंपी गई थी। दो दिसंबर 2010 को ज्यूरिख के फीफा हेडक्वार्टर में होस्ट देश का ऐलान किया गया था। इस नाम का ऐलान फीफा के प्रेसिडेंट सैप ब्लेटर ने किया था। वर्ष 2018 की मेजबानी रूस और 2022 की मेजबानी कतर को मिली थी। बता दें कि वर्ष 2022 विश्व कप की मेजबानी की रेस में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, साउथ कोरिया भी कतर के साथ थे। मगर अंत में अमेरिका को पछाड़ कर कतर को मेजबानी मिली थी। अमेरिका के समर्थन में कुल आठ जबकि कतर के समर्थन में कुल 14 मत पड़े थे।

कतर पर लगे थे मेजबानी खरीदने के आरोप

कतर को जब मेजबानी मिली तो ये भी काफी विवाद का विषय बना था। फीफा की मेजबानी कतर को मिलने के बाद एक ईमेल वायरल हुआ था जो फीफा के तत्कालीन जनरल सेक्रेटरी के ऑफिस का था। इसमें दावा किया गया था कि कतर ने वर्ल्ड कप की मेजबानी को पैसों के आधार पर खरीदा है। इन आरोप के लगने के बाद फीफा के वाइस प्रेसिडेंट जैक वार्नर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड किया गया था। इस मामले की जांच भी कराई गई थी। हालांकि जांच में वो निर्दोष पाए गए थे।

इन देशों ने फीफा के आयोजन के लिए खर्च की ये राशि

कतर - 17.9 लाख करोड़ रुपये
रूस - 94.5 हजार करोड़ रुपये
ब्राजील - 1.2 लाख करोड़ रुपये
साउथ अफ्रीका - 29.5 हजार करोड़ रुपये
जर्मनी - 35 हजार करोड़ रुपये
साउथ कोरिया और जापान - 57 हजार करोड़ रुपये
फ्रांस - 18.7 हजार करोड़ रुपये
अमेरिका - 407 करोड़ रुपये

## भारत के खिलाफ तीसरे टी 20 में नहीं खेलेंगे विलियमसन

**मेलबर्न,,21 नवम्बर 2022।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चिकित्सा कारणों से भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। विलियमसन को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिकित्सक से मिलना है। विलियमसन के विकल्प के रूप में मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। उनकी गैरमौजूदगी में सीनियर तेज गेंदबाज टिम साउथी टीम की कमान संभालेंगे। विलियमसन बुधवार को टीम के साथ जुड़ेंगे जब सभी खिलाड़ी ऑकलैंड में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जुटेंगे।

पहला एकदिवसीय शुक्रवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि चिकित्सक से मिलने का उनकी कोहनी की समस्या से कोई लेना देना नहीं है जो फिर उभर रही है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी बयान में स्टीड ने कहा, ''केन पिछले कुछ समय से चिकित्सक से मिलना चाह रहा था लेकिन दुर्भाग्य से हमारे व्यस्त कार्यक्रम के कारण समय नहीं मिल पा रहा था। '' उन्होंने कहा, ''हमारे खिलाड़ियों और स्टाफ का स्वास्थ्य और सेहत सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम ऑकलैंड में उनके टीम से जुड़ने को लेकर उत्सुक हैं।'' भारत तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। विलियमसन ने रविवार को दूसरे टी20 में 52 गेंद में 61 रन की पारी खेली। स्टीड ने कहा कि चैपल हाल में टी20 विश्व कप और क्राइस्टचर्च में त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद दोबारा टीम से जुड़ने को लेकर उत्सुक है। हांगकांग में जन्में चैपमैन ने न्यूजीलैंड के लिए सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 40 टी20 खेले हैं।

## फीफा विश्व कप 2022 में नियमों से पहले ही मैच में फैंस हुए परेशान,बीयर मांगने के लिए लगाए नारे

**कतर ,21 नवम्बर 2022।** फीफा विश्व कप 2022 का पहला मैच जब इक्काडोर और कतर के बीच खेला गया तो यहां फुटबॉल फैंस कुछ अलग ही मांग करते दिखे। फुटबॉल स्टेडियमों में प्रशंसकों द्वारा एल्कॉहल और बीयर का सेवन करना काफी आम माना जाता है। यूरोपीय व अन्य देशों में फुटबॉल प्रशंसकों का ये व्यवहार काफी आम है मगर कतर विश्व कप में फुटबॉल प्रशंसकों पर कई प्रतिबंध लगाए गए है। इनमें से एक है एल्कोहल का उपयोग ना करना।



विश्व की शुरुआत होते ही 20 नवंबर को कतर और इक्काडोर के बीच हुए मैच में काफी संख्या में फैंस पहुंचे। इस मैच का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मैच के वायरल वीडियो में दिख रहा है कि फैंस स्टेडियम में बीयर पीने के फन को मिस कर रहे है। फैंस वीडियो में बीयर पीने की मांग कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक इक्काडोर के फैंस फीफा विश्व कप के उद्घाटन मैच के दौरान कहते दिख रहे हैं कि उन्हें बीयर चाहिए। बता दें कि विश्व की शुरुआत से दो दिन पूर्व यानी 18 नवंबर को ही कतर ने विश्व कप के दौरान एल्कोहल युक्त बीयर की बिक्री पर रोक लगाई थी। बीयर की बिक्री पर रोक लगाने से फैंस काफी नाराज हैं। आमतौर पर फीफा विश्व कप के मैचों के दौरान बीयर का लुत्फ उठाना फैंस काफी पसंद करते है। हालांकि इस वर्ष कतर में हो रहे फीफा विश्व कप के दौरान ऐसा संभव नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि फीफा के 92 वर्षों के इतिहास में ये पहला मौका है जब अरब देश में फीफा विश्वकप आयोजित हुआ है, जहां इस्लामिक नियमों का पालन किया जाता है। इन्हीं नियमों के मद्देनजर फीफा विश्व कप में स्टेडियम में बीयर का उपयोग बैन किया गया है। फीफा का आयोजन कतर में कराए जाने को लेकर कतर को काफी आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार फैंस कतर में हो रहे आयोजन को लेकर काफी आलोचना कर रहे है।

### अल्कोहल को लेकर कही ये बात


फीफा अध्यक्ष जियानी इनफैंटिनो ने कतर के विश्व कप स्टेडियम में 'अल्कोहल' वाली बीयर की बिक्री प्रतिबंधित करने के फैसले पर कहा कि यह दर्शकों के लिये महज थोड़ी सी असुविधा होगी। इनफैंटिनो ने कहा कि स्टेडियम में बीयर प्रतिबंध का फैसला कतर के अधिकारियों और फीफा द्वारा मिलकर किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने अंत तक कोशिश की कि क्या यह संभव है। इनफैंटिनो ने कहा कि अगर एक दिन में तीन घंटे तक आप बीयर नहीं पी सकते तो भी आप जीवित रहोगे। शायद यही कारण है कि फ्रांस में, स्पेन में और स्कॉटलैंड में स्टेडियमों में अल्कोहल प्रतिबंधित है। शायद वे हमसे ज्यादा समझदार हैं।

# इब्राहिम खान को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे करण जौहर

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान पिछले काफी समय से बॉलीवुड में एंट्री करने को लेकर सुर्खियों में हैं। पर्दे के पीछे वह काफी समय से सक्रिय हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इब्राहिम के चाहनेवाले खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, इब्राहिम की पहली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां सामने आई हैं। खास बात यह है कि करण जौहर ही उन्हें बॉलीवुड के दर्शन कराने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करण अब इब्राहिम को बॉलीवुड में लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पहली फिल्म अगले साल पर्दे पर आ सकती है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी बोमन ईरानी के बेटे कायोज को सौंपी गई है। फिल्म की कहानी सुरक्षा बल पर आधारित होगी। करण फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि यह बड़े बजट की फिल्म होगी और इसमें इब्राहिम का किरदार खास होगा।

करण के साथ रहकर ही इब्राहिम ने फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखीं। वह उनकी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सहायक निर्देशक रह चुके हैं। सैफ



ने इस पर अपनी मुहर लगाते हुए कहा था कि इब्राहिम ने बतौर सहायक निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की, क्योंकि वह पहले यह देखना चाहते हैं कि पर्दे के पीछे काम कैसे होता है। फिल्मेकिंग सीखने के बाद वह बतौर हीरो बॉलीवुड में एंट्री करेंगे।

इब्राहिम बॉलीवुड में आने से पहले ही लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। वह सोशल प्लेटफॉर्म पर काफी सक्रिय रहते हैं और उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। इब्राहिम बॉलीवुड के लोकप्रिय स्टार किड हैं। उनके लुक और फैशन सेंस को काफी पसंद किया जाता है। स्टाइल के मामले में वह अपने पिता को भी मात देते हैं। इब्राहिम मैगजीन के लिए फोटोशूट भी करा चुके हैं।

करण को फिल्म इंडस्ट्री में स्टारकिड्स को लॉन्च करने के लिए जाना जाता है। वह फिल्म बेधड़क के जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने आलिया भट्ट को स्टूडेंट ऑफ द ईयर और अनन्या पांडे को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में लॉन्च किया। वरुण धवन को बॉलीवुड में लाने वाले भी करण ही हैं, वहीं जाह्नवी कपूर ने करण की फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी। सैफ और अमृता सिंह के दो बच्चे इब्राहिम और सारा अली खान हैं। शादी के 13 साल बाद सैफ-अमृता अलग हो गए। हालांकि, सारा-इब्राहिम की सैफ के साथ भी काफी अच्छी बॉन्डिंग है। सारा ने 2018 में फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में दस्तक दी थी।



## पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में डोनल बिष्ट ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

एक्ट्रेस डोनल बिष्ट पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में अप्सरा सी नजर आ रही हैं। उनकी अदाओं को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट पिंक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट की खूबसूरती काबिल ए तारीफ है। फैंस उनकी ये तस्वीरें देखकर बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट ने कई सीरियल्स में काम किया है। एक दीवाना था सीरियल से लोगों के दिलों पर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती से लोगों को अपना दीवाना बना रहा है।

एक्ट्रेस डोनल बिष्ट एमएक्स प्लेयर की सीरीज तू जख्म हैमें नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस डोनल बिष्ट बिग बॉस 15 में नजर आई थी। हालांकि, वो शो में ज्यादा नहीं टिक सकीं। डोनल बिष्ट शायनी मेकअप में गजब की बला नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने वेबी हेयर कैरी कर रखा है। डोनल बिष्ट सोशल मीडिया लवर हैं। वो अपनी तस्वीरों से फैंस के ऊपर बिजलियां गिराने से बिल्कुल नहीं चूकती हैं। फोटोज में डोनल का सिजलिंग लुक देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। डोनल बिष्ट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं।






## हड्डी के लिए किन्नरों के साथ रहे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार पर्दे पर हीरोपंती 2 में नजर आए थे। उनकी आने वाली फिल्मों की भी लंबी कतार है जो ओटीटी पर रिलीज का इंतजार कर रही हैं। अगस्त में उनकी फिल्म हड्डी की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक किन्नर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म से नवाज का लुक काफी वायरल हुआ था। अब एक इंटरव्यू में नवाज ने इस किरदार को निभाने के अनुभव साझा किया है।



हड्डी का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा करेंगे। जी स्टूडियोज के साथ मिलकर आनंदिता स्टूडियोज इस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी। फिल्म के ऐलान के समय नवाज ने कहा था, मैंने अलग-अलग दिलचस्प किरदार निभाए हैं, लेकिन हड्डी एक अनोखा और खास किरदार होगा, क्योंकि इसमें मैं अनदेखे लुक में नजर आऊंगा। यह किरदार मुझे एक अभिनेता के रूप में अपनी क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करेगा। फिलहाल इस क्राइम थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है।

नवाज ने किन्नर का किरदार निभाने का अपना अनुभव साझा किया है। किन्नर का किरदार निभाने और उनके बीच काम करने से नवाज ने एक नई दुनिया देखी है। उन्होंने कहा, मैं हड्डी में कई किन्नरों के साथ काम कर रहा हूं। मैं 20-25 किन्नरों के बीच में रह रहा था। उनका दुनिया को देखने का नजरिया बिल्कुल अलग है। मैंने उनकी जिंदगी के बारे में बहुत कुछ सीखा है।










# पाठ्य पुस्तक निगम में 44 करोड़ का खेल

## छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम बाजार दर से 55 फीसदी अधिक में मिल से ले रहा कागज,इस शिक्षा सत्र के लिए 90 रू प्रति किलो कागज 113 की दर से,आंतरिक पृष्ठों के लिए हर साल करीब 10 हार मीट्रिक टन कागज खरीदी




**रायपुर,21 नवम्बर 2022(ए)।** शासन के पैसों को किफ़ायत से खर्च करने का वादा करने वाले जिम्मेदार छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम में बैठते ही फ़िज़ूलख़र्ची करने में लगे हैं। स्कूली बच्चों की किताबों का मुद्रण का दारोमदार लेने वालों ने कागज़ खरीदी में एक बार फिर खेल किया है। पिछली दफे भी 70 तरू का कागज़ मनमाफिक दरों पर लेने के बाद फिर इस साल उसी खेल को दोहराने वाला है।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम में शिक्षा सत्र 2023 24 में निःशुल्क पुस्तक मुद्रण और वितरण के लिए पेपर खरीदी कटघरे में है। पूर्व शिक्षा सत्र में भी निगम द्वारा 48 रुपए के कागज़ की खरीदी 73 रुपए प्रति किलो की दर पर किया गया था

इस सत्र के लिए 90 रुपए मूल्य का कागज़ 113 रुपए में 70 तरू का कागज़ लिया जा रहा। बता दें कि प्रतिवर्ष औसतन पुस्तकों के मुद्रण हेतु तक़रीबन 10 हज़ार मिट्रिक तन पेपर की खरीदी निगम करता है। ऐसे में कागज़ों की कीमत का तुलनात्मक अध्ययन करें तो साफ हो जाता है कि पूर्ववर्ती खरीदी दर में इस बार 55 फीसदी का इज़ाफ़ा हुआ है। इसे फ़िज़ूलख़र्ची नहीं सोच समझकर की जा रही निज लाभ की योजना कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। देखा जाये तो 55 फीसदी वृद्धि दर से निगम को 44 करोड़ रुपये का चुना लगेगा। बता दें कि पाठ्य पुस्तक निगम का सेटअप करीबन 100 करोड़ का बताया जाता है। ऐसे में जो पेपर मिल से कागज़ की खरीदी की जा रही है उससे निगम को 44 करोड़ का चुना लगेगा। क्योंकि 113 रू की जिस दर और क्वालिटी का कागज़ है उसकी बाजार दर 90 रुपये से ज्यादा की नहीं।

### सुलगता सवाल

*कागज़ की उत्कृष्टता, ज्यादा सफेदी के नाम पर मनमाफिक दरें कौन तय कर रहा ?

*क्यों 90 रुपए प्रति किलो का कागज़ 113 की दर पर खरीदने की तैयारी में है निगम?

*100 करोड़ के पाठ्य पुस्तक निगम को अब तक जिम्मेदारों ने कितना लाभ पहुंचाया?

*पेपर खरीद, मुद्रण और वितरण के लिए परिवहन तक में चेहतों को मुंहमांगी दर पर काम ?

* पहली बार एल 1 कौन था और किसने बिलो के बदले एल 1 केंसिल कर एबो को काम दिया ? जिस कंपनी से निगम 113 में कागज खरीदने वाला है क्यों उसने 90 रुपए में अन्य को दिया?

* करोड़ों की खरीदी के लिए क्या निगम के जिम्मेदारों ने बाजार भाव लिया, क्या यह जरुरी नहीं ?

*पूर्व में 48 रू का कागज़ 73 में लिया गया था इसे लेकर भी स्नद्धक्रके लिए कोर्ट की शरण में ?

# तेज तर्रार अफसरों में शुमार आईपीएस आरिफ शेख ने संभाला आईजी का चार्ज

**रायपुर,21 नवम्बर 2022(ए)।** आईपीएस आरिफ शेख ने रेंज आईजी का चार्ज ले लिया है। आज रायपुर आईजी कार्यालय में उन्होंने आईजी बीएन मीना से प्रभार लिया। बता दें कि पिछले दिनों राज्य सरकार ने आईजी और आईपीएस स्तर के अधिकारियों का तबादला किया था।



सरगुजा आईजी अजय यादव को रायपुर का आईजी का चार्ज दिया गया था, जबकि रायपुर रेंज के बाकी चार जिले महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदाबाजार के प्रभारी आईजी आरिफ शेख होंगे। वहीं बीएन मीणा को बिलासपुर का नया आईजी बनाया गया है।

### रायपुर रेंज के चार जिलों की संभालेंगे जिम्मेदारी

2005 बैच के आईपीएस आरिफ शेख की गिनती तेज तर्रार अफसरों में होती है। आरिफ शेख 8 जिलों के एसपी रह चुके हैं। रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, बालोद, जैसे जिलों की कमान संभाल चुके आरिफ शेख को कम्युनिटी पुलिसिंग का एक्सपर्ट माना जा रहा है। उन्हें दो बार कम्युनिटी पुलिसिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिल चुका है। समाजिक तौर पर पुलिसिंग को मजबूत करने के उनके अनूठे प्रयास को कई दफा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल चुकी है।




# धमतरी के खनिज विभाग दफ्तर में ईडी ने दी दबिश

## खनिज अधिकारी से पूछताछ जारी

**धमतरी ,21 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से ईडी ने दस्तक दे दी है। इस बार ईडी की टीम ने धमतरी जिले में खनिज विभाग के दफ्तर में छापा मारा है। वही खनिज अधिकारी से अभी पूछताछ जारी है।

जानकरी के अनुसार सुबह पांच सदस्य ईडी की टीम ने खनिज विभाग के दफ्तर में छापे मार कार्यवाही की है। वही खनिज विभाग का दफ्तर धमतरी के कलेक्टर ऑफिस में है। बताया जा रहा है कि खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा से अधिकारी पिछले कुछ घंटों से पूछताछ कर रहे हैं।इससे पहले बजरंग पैकरा के यहां आईटी ने भी दबिश दी थी। ऐसे में इस केस को भी उससे जोड़ा जा रह है। हालांकि अब तक इस मामले में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

वही ईडी ने धमतरी जिले के साथ-साथ प्रदेश के और भी जिलों में छापे मार कार्यवाही की है। जिसमें कवर्धा,दुर्ग,जगदलपुर,महासमुंद समेत कुछ और जिले शामिल है

सीएम ने भी साधा था निशाना

अधिकारियों और कारोबारियों के घरों में दस्तावेजों को खंगाला गया था। इन अधिकारियों और कारोबारियों को लेकर ईडी को करोड़ों रुपए के अवैध लेनदेन की सूचना मिली थी। इसी संबंध में जांच की जा की गई थी। उस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था, भाजपा सीधे लड़ नहीं पा रही है तो ईडी-आईटी, डीआरआई के माध्यम से लड़ने की कोशिश कर रही है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि ये और आएंगे। यह आखिरी नहीं है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा इनकी यात्राएं बढ़ेंगी। यह डराने-धमकाने का ही काम है। उसके अलावा कुछ नहीं।

# अब टमाटर सस्ता होगा

**रायपुर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बड़ी अच्छी खबर है। यहां के लोग टमाटर के बहुत शौकीन हैं। टमाटर को चटनी के अलावा बहुत सारी सब्जियों में इस्तेमाल कर खाना छत्तीसगढ़िया लोगों को बहुत पसंद है। लेकिन हर साल इसकी कीमत से लोग परेशान हो जाते हैं। इसकी कीमत कई बार 100 रुपए प्रति किलो से भी ज्यादा हो जाती है। जिसके बाद लोगों के लिए इसे खरीदना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन इस साल ऐसा नहीं होगा क्योंकि इस बार टमाटर की पैदावार अच्छी हुई है और प्रदेश में पिछले साल के मुकाबले इस बार किसानों ने लगभग 3 गुना ज्यादा खेतों में टमाटर लगाया है।सबसे बड़े टमाटर उत्पादक क्षेत्र धमधा की यदि बात की जाए तो यहां औसतन 240 टन तक टमाटर (तकरीबन 14 ट्रक) खेतों से मंडी में आ रहा है। खेत में ही किसानों को क्वालिटी के हिसाब से 10 से 14 रुपए किलो तक का रेट अभी मिल रहा है। ठंड बढ़ेगी, आवक कम होने से मांग बढ़ेगी और आने वाले दिनों में रेट और अच्छा होने की संभावना है।

# कांकेर जिले में नक्सलियों ने जमकर मचाई तबाही

## पोस्टर लगाकर नक्सली नेताओं को झूठे मुठभेड़ में मारने का लगाया आरोप


**कांकेर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** नक्सलियो ने कांकेर जिले में अलग अलग इलाकों में घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश की है। जहां एक ओर पखांजूर में मोबाइल टावर में आगजनी की गई तो वहीं कोयलीबेड़ा में यात्री बस को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। इधर कांकेर नारायणपुर मार्ग पर पेड़ गिराकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, वही कांकेर आमाबेड़ा मार्ग में भी बड़ी संख्या में पेड़ गिराए गए है।

### चार मोबाइल टॉवर को किया आग के हवाले

कांकेर जिले में कल शाम से उत्पात मचा रहे नक्सलियों ने अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए 4 मोबाइल टॉवर में आग लगा दी। इन स्थानों पर नक्सलियों ने पोस्टर भी चिपकाया। इसके अलावा कोयलीबेड़ा में एक यात्री बस को भी आग के हवाले कर दिया।

### कैंप से 2 किलोमीटर दूर गाड़ियों में लगाई आग

इधर आज सुबह 9 बजे नक्सलियों ने पुलिस कैंप के मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर सड़क निर्माण में लगी 5 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। दिन दहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है।



### पेड़ गिराकर सड़कों को किया बाधित

नक्सलियों ने आमाबेड़ा मार्ग और कांकेर नारायणपुर मार्ग पर पेड़ काटकर गिरा दिया, जिससे दोनों मार्ग बाधित हो गए। आमाबेड़ा और नारायणपुर मार्ग पर पुलिस पार्टी घटना स्थल पहुंची और पेड़ों को हटाकर मार्ग बहाल करने का प्रयास शुरू किया।

### नक्सली नेताओं को फर्जी मुठभेड़ में मारने का आरोप

31अक्टूबर की रात अन्तागढ़ ब्लॉक के कडमे में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा पुलिस ने किया था, जिसे नक्सली झूठा दावा बता रहे हैं। नक्सलियो ने पर्चे में इसे झूठा मुठभेड़ बताकर धोखे से नक्सल लीडर दर्शन पड्डा और जागेश को मारने का आरोप पुलिस पर लगाया है। साथ ही दोनों की मौत का बदला लेने की बात भी लिखी है।

दर्शन पड्डा परतापुर एरिया कमेटी का सचिव था, जिस पर 39 नक्सल अपराध दर्ज हैं, दर्शन पर 8 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। वहीं जागेश नक्सलियो के स्मॉल एक्शन टीम का प्रभारी था। इस पर भी 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था, दोनों के एक मुठभेड़ में मारे जाने को कांकेर पुलिस की सबसे बड़ी सफ़लता भी माना जा रहा है।

### आज से बस्तर बंद का आह्वान

नक्सलियों ने कांकेर जिले में बड़ी संख्या में बैनर और पर्चे के माध्यम से 22 नवम्बर को उत्तर बस्तर (कांकेर, नारायनपुर, कोंडागांव) में बंद बुलाया है। नक्सलियों के द्वारा जिले के अलग अलग इलाको में उत्पात मचाने से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस ने भी सर्च अभियान तेज कर दिया है।

# कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी नेताम की उम्मीदवारी निरस्त करने निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन,इधर ब्रम्हानंद के बचाव में आगे आई भाजपा




**कांकेर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए भाजपा से लड़ रहे ब्रह्मानंद नेताम की उम्मीदवारी निरस्त करने के लिए सोमवार सुबह पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही, गिरफ्तारी की मांग को लेकर भी पुलिस को ज्ञापन दिया है। पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एक दिन पहले ही प्रेस कांफ्रेंस में सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। 15 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के साथ साथ देह व्यापार में धकेलने का भी आरोप है। कांग्रेस नेताओं ने तत्काल ब्रह्मानंद नेताम की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही उनका नामांकन निरस्त करते हुए चुनाव लड़ने से अपात्र घोषित करने की मांग को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

आदिवासियों के चरित्र हनन का आरोप भानुप्रतापपुर में प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम पर नाबालिग से रेप के सनसनीखेज आरोप के बाद प्रदेश भाजपा के नेता मीडिया से रूबरू हुए, और भाजपा प्रत्याशी का बचाव किया। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और पार्टी प्रवक्ता केदार कश्यप ने नेताम पर लगे आरोप को खारिज किया। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को बेबुनियाद, और राजनीति से प्रेरित करार दिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि आदिवासी आरक्षण खत्म करने के बाद कांग्रेस अब आदिवासियों के चरित्रहनन पर उतर आई है।

भाजपा प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस नेताम पर बेबुनियाद आरोप लगाकर पूरे आदिवासी समाज के चरित्र हनन का काम कर रही है। इसका खामियाजा उसे भुगतना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कांग्रेस के आंतरिक सर्वे में कांग्रेस हार के कगार पर खड़ी है। इसलिए ओछी हरकत पर उतर आई है।

कश्यप ने कहा कि झारखंड में 2019 में पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करने की बात कही गई है। आज तीन साल से अधिक हो गए हैं। ब्रम्हानंद से पूछताछ क्यों नहीं की गई? एक नोटिस तक क्यों जारी नहीं किया गया?

# मोहन मरकाम पर मानहानि का केस करेंगे बृजमोहन

**रायपुर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के भाजपा के प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम ने नाबालिग का यौन शोषण के आरोप के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमा गई है। मरकाम ने कहा था कि ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ इस मामले में झारखंड के जमशेदपुर शहर में केस भी दर्ज है। अब इस मामले में भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ शिकायत चुनाव आयोग में करने का मन बनाया।

इस मामले में पूर्व मंत्री और भानुप्रतापपुर उपचुनाव के विधानसभा प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का बताया सारा मामला झूठा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस और मोहन मरकाम से पूछा है कि ये बताएं कि कब ब्रह्मानंद नेताम झारखंड के जमशेदपुर गए, कभी वहां की पुलिस यहां नहीं आई। झारखंड में इन्हीं की मिली जुली सरकार है, ये मिलकर षड्यंत्र कर रहे हैं। बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस को भानुप्रतापपुर में हार का डर है। हम मोहन मरकाम पर मानहानि का मुकदमा भी करेंगे।



पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा, अगर कांग्रेस में दम है तो बताए कि मोहन मरकाम खुद कब इस मामले में झारखंड गए, वहां की पुलिस को जांच में क्या तथ्य मिले, क्या कभी वहां की पुलिस ने ब्रह्मानंद नेताम को समन जारी किया, क्या कभी वहां की पुलिस नेताम को गिरफ्तार करने यहां आई। झारखंड की सरकार से मिलकर ये झूठा मामला तैयार किया गया है।

### क्या कहा कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम ने

रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भाजपा से प्रत्याशी बनाए गए ब्रह्मानंद नेताम को लेकर मोहन मरकाम ने कहा कि उन पर झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले में केस दर्ज है। 15 साल की नाबालिग से गैंगरेप कर उसे देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाते हुए मरकाम ने स्नद्धक्र की कॉपी भी मीडिया को दिखाई।

घटना 2019 को बताई जा रही है। पीसीसी चीफ ने कहा कि पुलिस ने पहले 5 आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी, जिसके बाद जांच में 10 से 12 आरोपी सामने आए, जिनमें भाजपा प्रत्याशी भी शामिल हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को देंगे गोबर और गंगाजल गिफ्ट

# सामने आया असली चेहरा रेपिस्ट को टिकट देकर महिला जगत का किया अपमान

**बिलासपुर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** कोंग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को आड़े हाथ लेते हुए गाय का गोबर और गंगाजल देने का फैसला किया है। विजय केशरवानी ने बताया कि चाल चरित्र और चेहरा की दुहाई देने वाली पार्टी भाजपा का चरित्र एक बार फिर सबके सामने आ गया है। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में एक बलात्कारी और हिस्ट्रीशीटर को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है।इससे प्रदेश की महिला समाज को गहरा धक्का लगा है। महिलाएं अपने आप को अपमानित महसूस कर रही हैं।



बिलासपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भाजपा और प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव पर निशाना साधा है। विजय केशरवानी ने बताया कि प्रदेश की सरकार इतना अच्छा काम कर रही है कि आज भाजपा को भानुप्रतापपुर उपचुनाव में साफ सुथरा प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी को भानुप्रतापपुर उपचुनाव में नाबालिक लड़की के साथ बलात्कार के आरोपी को मैदान में उतारना पड़ा है।

विजय ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानन्द नेताम पर झारखण्ड के एक थाने में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार का आरोप दर्ज है। घटना के बाद ब्रम्हानन्द पर पास्को एक्ट के तहत अपराध भी दर्ज किया गया है। जबकि इसी मामले में रायपुर के एक आरक्षक को बर्खास्त भी किया जा चुका है। बावजूद इसके चाल चरित्र और चेहरा की दुहाई देने वाले भाजपा नेताओं ने बलात्कार के आरोपी को प्रत्याशी बनाया है।

विजय ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम इतना रसूखदार है कि उसके खिलाफ अभी तक कोर्ट में डायरी भी पेश नहीं किया गया है। ना ही नामांकन के समय ब्रम्हानन्द ने अपराध का जिक्र ही किया है। ऐसा किया जाना प्रदेश की आधा आबादी के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

# याचिकाकर्ता ने दिया जिन्दा होने का प्रमाण,न्यायालय का फरमान,प्रतिवादी बताए,जमीन मालिक जिन्दा है या नहीं

**बिलासपुर ,21 नवम्बर 2022(ए)।** हाईकोर्ट ने बिल्हा स्थित जमीन मामले में याचिकाकर्ता की मांग पर सुनवाई करते हुए पक्षकार को फरमान जारी किया है। न्यायालय ने कहा कि प्रतिवादी अगली सुनवाई में जवाब पेश करे कि जमीन मालिक जिन्दा है या नहीं..। मामले में अगली सुनवाई 29 नवम्बर को होगी।



हाईकोर्ट में जमीन विवाद को लेकर फिल्मी मामले सामने आया है। बिल्हा निवासी याचिकाकर्ता मदन अग्रवाल ने वकील के जरिए कोर्ट को बताया कि वह जिन्दा है। प्रतिवादी ने गलत जानकारी पेश कर अपने पक्ष में रेवन्यू बोर्ड से निर्णय करवाया है। प्रतिवनादी ने फर्जी गवाह पेशकर उसे मृत घोषित भी किया है।

याचिकाकर्ता के वकील अमित कुमार ने हाईकोर्ट को बताया कि बिल्हा स्थित ढाई एकड़ जमीन पर मदन अग्रवाल का कब्जा है। मदन अग्रवाल ही जमीन के असली मालिक हैं। प्रतिवादी मंजू दुबे ने मदन अग्रवाल के खिलाफ तहसील में वाद प्रस्तुत कर बताया कि जिस जमीन को मदन अग्रवाल अपना बता रहे हैं। दरअसल जमीन उसकी है। इसलिए जमीन पर कब्जा दिलाया जाए। इसके बाद मामला अपीलीय कोर्ट से होकर कमिश्नरी के बाद रेवन्यू बोर्ड तक पहुंचा।

रेवन्यू बोर्ड को मंजू ने बताया कि जमीन उसकी है। मदन अग्रवाल अब इस दुनिया में नहीं है। मंजू दुबे ने बोर्ड के सामने मदन अग्रवाल के फिर्जी वारिशनों को पेश किया। मामले में मदन अग्रवाल को भी जानकारी नहीं हुई। फर्जी परिजनों की गवाही के बाद रेवन्यू कोर्ट ने विवादित ढाई एकड़ जमीन का फैसला मंजू दुबे के पक्ष में किया।

मामले की जानकारी के बाद याचिकाकर्ता न्याय पाने हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा। मदनलाल की तरफ से वकील अमित कुमार ने बताया कि याचिकाकर्ता मदन ने अपने वकील के जरिए याचिका पेश किया। कोर्ट को मदन ने बताया कि वह जिन्दा है। जमीन भी उसकी है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंजू दुबे को फरमान जारी किया है कि बताएं मदन अग्रवाल जिन्दा हैं या नहींज्। अगली सुनवाई 29 नवनम्बर को होगी। सुनवाई के दौरान सारी जानकारी पेश करें।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)